26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 22 मार्च, 2026
अंक- 146 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## ईद की रात युवक की दुर्घटना में मौत

नूरपुर ( चिंगारी )। शनिवार की देर रात समय करीब दस बजे कस्बे मोहल्ला शहीद नगर निवासी युवक फैसल ( 18 ) पुत्र मोहम्मद जफ़र अपने साथियों अमन व शुऐब के साथ बाइक द्वारा धामपुर की ओर से घर वापस लौट रहा था। क्षेत्र के गांव धौलागढ़ के पास सामने से आ रही कार से उनकी टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखचे उड़ गए। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवकों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने फैसल को मृत घोषित कर दिया जबकि गम्भीर रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। शुऐब व अमन को परिजन उपचार के लिए मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए। युवक की मौत से परिवार की ईद की खुशियां ग़म में बदल गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।पुलिस ने कार को भी अपने कब्जे में ले लिया है।

पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित



सांवलिया सेठ
( श्याम बाबा ) के
दर्शन करें।
प्राचीन शिव मंदिर
अग्रवाल धर्मशाला
रम्मू का चौराहा, बिजनौर
मो. 9927652453

# ईरान ने 24 घंटों में 21 अमेरिकी ठिकानों पर हमला किया

## लेबनान में इस्राइल ने जमीनी हमले तेज किये

**नई दिल्ली ( ( एजेंसी/चिंगारी ) )।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-ब-दिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी इस्राइल और खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब अपने 23वें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव चरम पर है।

**इराकी ने कहा है कि उसने पिछले 24 घंटे में देश और आसपास के क्षेत्रों में अमेरिकी ठिकानों पर 21 हमले किए हैं। संगठन ने बताया कि इन हमलों में उसने कई ड्रोन और रॉकेट का इस्तेमाल किया। अभी तक अमेरिकी पक्ष की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।**

इस्राइली सेना ने कहा है कि दक्षिण लेबनान में उसका जमीनी अभियान जारी है और उसने कई हिजबुल्ला ठिकानों पर हमला किया। सेना के अनुसार, कम से कम 10 हिजबुल्ला लड़ाके मारे गए, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि ये हमले कब और कहां हुए। इस दौरान रिपोर्ट्स में कहा गया कि खियम और तैयबेह जैसे रणनीतिक शहरों के आसपास भारी संघर्ष हुआ। हिजबुल्लाह ने दावा किया कि उसने रातभर कम से कम 12 हमले किए, जिनमें कई रॉकेट हमले भी शामिल थे।

### मध्य इस्राइल में धमाके

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ईरान द्वारा इस्राइल पर मिसाइल हमले के बाद मध्य इस्राइल में धमाके सुने गए। मीडिया ने बताया कि ये धमाके ईरान से दागी गई मिसाइलों के कुछ ही समय बाद हुए। फिलहाल, किसी के घायल होने या नुकसान की खबर नहीं है।

### तेहरान में अमेरिकी-इस्राइली ड्रोन ढेर

ईरानी सेना ने घोषणा की है कि उसने ईरान की राजधानी तेहरान के ऊपर एक अमेरिकी-इस्राइली हथियारबंद ड्रोन को हवा में ही मार गिराया, इससे पहले कि यह कोई हमला कर पाता। यह जानकारी ईरानी समाचार एजेंसी ने दी। ईरानी सेना ने बताया कि हाल की जंग के दौरान अब तक 127 उन्नत ड्रोन को उनकी वायु रक्षा प्रणाली ने निशाना बनाकर नष्ट कर दिया है। इससे पहले, आईडीएफ ने तेहरान पर नए हमलों की शुरुआत करने की घोषणा की थी। शहर के लोग इसकी ओर-पूर्व और पश्चिम दिशा में जोरदार विस्फोट की आवाज सुनने की भी पुष्टि कर रहे हैं।

MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
URGENTLY REQUIRED
PGT (ALL SUBJECTS)
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.ED/M.P.ED.)
LIBRARIAN
KINDERGARTEN
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Transport Facilities available for Bijnor Staff
Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800042, 8958800019, 9634289199

MODERN ERA PUBLIC SCHOOL
NEHTAUR
Aff.No. 2132822
School Code:81912
Affiliated to CBSE New Delhi
An English Medium Co-Educational School



OUR FEATURES
• Offering the best environment for study
• Eco friendly environment
• Remedial classes for weak students
• Personal attention on each and every student
• Trained, well qualified and experienced staff
• Large playground to conduct outdoor activities and games







MORE INFORMATION
+918859232340
www.mepsnehtaur.com
Jhalu Road Nehtaur
ADMISSION OPEN FOR 2026-27

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )
आने से पहले कॉल करें-
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं
प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**सोमवार, 23 मार्च 2026**

**मेष-** आर्थिक प्रगति हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, आशाएँ फलीभूत, मित्रों-परिजनों से विचार विमर्श, जीवन साथी से सानिध्य, बकाए धन की वसूली, विवाद का समापन।

**वृषभ-** पराक्रम में वृद्धि, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, उत्साह में वृद्धि, बुद्धि का विकास, खुशी भी।

**मिथुन-** आरोप प्रत्यारोप की स्थिति उपस्थित, किसी से विश्वासघात की आशंका, वाद-विवाद से कष्ट, जोखिम से हानि, धन की क्षति, स्वजनों से मनमुटाव, एकाग्रता भंग।

**कर्क-** सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, कुछेक समस्याएं हल, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, योजना को मूर्तरूप में परिणित।

**सिंह-** वाक्पटुता से संकल्प सिद्धि, परिवार में हर्ष एवं उल्लास का वातावरण, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति, संत समागम।

**कन्या-** स्वास्थ्य सुधार पर, किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, आत्मसंयम से प्रगति का सिलसिला, दाम्पत्य जीवन सुखमय, मनो-विनोद के सुअवसर प्राप्त, लाभ भी।

**तुला-** पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति में व्यवधान, कार्यक्षमता में व्यतिक्रम, व्यवहार में लापरवाही नुकसानदायक, आय की तुलना में व्यय अधिक, विवाद से अशांति।

**वृश्चिक-** आर्थिक उन्नति का सुयोग, आशानुकूल घटनाएँ घटित, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, मित्रों-स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, अध्यावसाय की ओर रुझान।

**धनु-** कार्य-व्यवसाय में विस्तार, आत्मसंयम से कार्य सिद्धि, परिश्रम के अनुरूप सफलता, रचनात्मक कार्यों में वृद्धि, पारिवारिक सम्बन्धों में सुधार, मान-प्रतिष्ठा।

**मकर-** वांछित प्रगति का प्रयास सार्थक, अपनी प्रतिभा का सदुपयोग, आमोद-प्रमोद के साधन उपलब्ध, परीक्षा प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण सफलता, स्थान-परिवर्तन।

**कुम्भ-** उन्नति का मार्ग अवरुद्ध, राजकीय पक्ष से असहयोग, प्रेम सम्बन्धों में प्रतिकूलता, वाद-विवाद की आशंका, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, आलस्य की अधिकता।

**मीन-** वाक्पटुता से संकल्प सिद्धि, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, सामाजिक गतिविधियों में अभिरुचि, आहार-विहार में नवीनता, सोचे हुए कार्य पूर्णता की ओर।

**एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722**

# चांदपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद का त्यौहार


ईदगाह में नमाज के बाद खुतबा सुनते मुस्लिम समाज के लोग।

**चांदपुर (चिंगारी)।** नगर व आसपास के गांवों में ईद उल फितर का त्यौहार हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर नगर की ईदगाह व जामा मस्जिद सहित कुछ अन्य मस्जिदो में हजारों लोगों ने ईद की नमाज अदा की। नमाज के बाद देश में खुशहाली और दुनिया में अमन चैन कायम रहने की खुदा से दुआ की गई। नगर की ईदगाह में शहर काजी मुफ्ती मोहम्मद आमिर व जामा मस्जिद में मुफ्ती मौ. अकबर ने हजारों लोगों को ईद की नमाज अदा कराई।

### चेयरपर्सन की हो रही प्रशंसा

**चेयरपर्सन श्रीमती जीनत परवीन के निर्देश पर नगर की सफाई के साथ साथ पूरे शहर में चूना डाला गया, वहीं पेयजल आपूर्ति व्यवस्था शानदार रही, जिसके लिए चेयरपर्सन की प्रशंसा हो रही है।**

# नेताओं ने दी मुबारकबाद

**चांदपुर (चिंगारी)।** नगर की ईदगाह पर राजनीतिक दलों के नेताओं ने कैम्प लगाकर ईद की नमाज अदा कर लौट रहे लोगों को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। नगर की ईदगाह पर विधायक स्वामी ओमवेश, पूर्व पालिकाध्यक्ष एवं आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता शेरबाज पठान, रालोद के प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी,आसपा के जिला प्रभारी मौ ताहिर, एआईएमआईएम नेता हाजी नफीस अहमद, समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष नाजिम खान व कलीम चौधरी ने ईदगाह पर आने वाले नमाजियों को गले लगा कर ईद की मुबारकबाद दी।


ईदगाह पर लोगों को ईद की मुबारकबाद देते शेरबाज पठान।

# आर्य परिवार ने नमाज़ियों पर की पुष्प वर्षा

**चांदपुर (चिंगारी)।** साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश करते हुए ग्राम स्याऊ निवासी आर्य परिवार ने इस वर्ष भी अपने आवास पर उधर से गुजरने वाले नमाजियों पर पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत सम्मान किया, जिसके लिए आर्य परिवार की क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है। ईद उल फितर के मौके पर पूर्व प्रधान ठाकुर रायबहादुर आर्य व उनके पुत्र ठाकुर हर्षित बहादुर आर्य व उनके समर्थकों ने अपने आवास के बाहर खड़े होकर ईदगाह से नमाज अदा कर अपने घर लौट रहे लोगों पर पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत सम्मान किया तथा नमाजियों को सुक्ष्म जलपान भी कराया।आर्य परिवार के इस कार्य की क्षेत्र के लोगों ने प्रशंसा की है।


नमाजियों पर पुष्प वर्षा करते ठा. हर्षित बहादुर आर्य।

## कांठपुर ईदगाह पर शांति के साथ अदा की गई ईद की नमाज

**कांठपुर/नजीबाबाद (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम औरंगपुर बसंत स्थित ईदगाह पर ईद की नमाज बड़े ही शांतिपूर्वक ढंग से अदा की गई। ईदगाह पर बड़ी संख्या में लोगों ने ईदुल फितर की नमाज अदा की, जिसमें जालपुर, दहीरपुर, रायपुर खास व औरंगपुर बसंत के ग्रामीण शामिल रहे। ईदगाह पर लोगों ने ईद की नमाज अदा करने के बाद खुत्बा सुना। नमाज के बाद पूरे मुल्क के अमनो-अमान के लिए दुआ मांगी गई। ईदगाह पर मुख्य रूप से सहमेद एडवोकेट, प्रधान मोहम्मद अकबर, हाजी नसीम अंसारी, मोहम्मद आदिल, मास्टर नफीस अहमद, बाबू, असद, मोहम्मद जाहिद, कल्लू प्रधान, मुश्ताक प्रधान जालपुर, डॉ. नईम अहमद, खुर्शीद, मोहम्मद तौकीर, इंजीनियर मोहम्मद अमजद, डॉ. मोहम्मद आजम, बुंदू प्रधान, इस्माईल ठेकेदार, अनीस एडवोकेट, महबूब एडवोकेट, इकबाल, अली हुसैन आदि मौजूद रहे। इस मौके पर थाना नांगल व मंडावली पुलिस व्यवस्था के लिए मौके पर मुस्तैद रही।

# नजीबाबाद में ईदुल फ़ितर का त्यौहार आपसी भाईचारे और अमन चैन के साथ मनाया गया

## नमाज के बाद की गई मुल्क में अमन-चैन की दुआ

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर में ईदुल फितर का त्यौहार आपसी भाईचारा व अमन चैन के साथ मनाया गया। ईदगाह, जामा मस्जिद सहित अधिकांश मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद मुल्क में अमन-चैन के लिए दुआ की गई। ग्राम रम्मनवाला स्थित ईदगाह पर ईदुल फितर की नमाज शहर काजी अफ्फानुल हक ने अदा कराई। इस बार ईद से एक दिन पहले काफी बारिश होने से ईदगाह पर जलभराव व कीचड़ होने की वजह से काफी कम संख्या में ही लोग ईद की नमाज पढ़ने के लिए पहुंचे। अधिकांश लोगों ने नगर के मौहल्ला पठानपुर स्थित जामा मस्जिद सहित शहर की अन्य मस्जिदों में ही ईद की नमाज अदा की। जामा मस्जिद पर शहर इमाम मौलाना मौ. ईसा ने ईद की नमाज अदा कराई। मौलाना ने नमाज से पहले बयान करते हुए मुस्लिम समाज के लोगों को ईद के बारे में विस्तार से बताया। जामा मस्जिद के अलावा नगर की नवाब नजीबुद्दौला मकबरा मस्जिद, कोल्हू वाली मस्जिद, कांटों वाली मस्जिद, हौज वाली मस्जिद में भी ईदुल फितर की नमाज अदा की गई। ईद की नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की। ईद के दिन बच्चों ने घर में बने पकवानों के साथ चाट, पकौड़ी खाकर जमकर ईद का लुत्फ उठाया। हिंदू समाज के लोगों ने नगर की गंगा-जुमनी तहजीब को कायम रखते हुए ईद पर मुस्लिम समाज के लोगों को मोबाइल से मैसेज भेजकर मुबारकबाद पेश की। विधायक हाजी तसलीम अहमद, चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम, पूर्व चेयरमैन मौअज्जम खां एडवोकेट व नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, जलालाबाद के पूर्व चेयरमैन मौ. याकूब राईन ने भी क्षेत्र के लोगों को ईदुल फितर की मुबारकबाद पेश की।


जामा मस्जिद पर ईद की नमाज अदा करते नमाजी।

ईद की खुशियां मनाकर लौट रहे युवक ट्रक की चपेट में आये ( पेज 16 )



# सभी वर्गों को सशक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता- कपिल देव

## जनपद के प्रभारी मंत्री ने गिनाई उपलब्धियां, लाभार्थियों को किया सम्मानित



लाभार्थियों को सम्मानित करते हुए प्रभारी मंत्री व अन्य अतिथि।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** संकल्प से सिद्धि केवल एक नारा नहीं, बल्कि प्रदेश सरकार की कार्यशैली और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह दावा जनपद के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने शुक्रवार को इंदिरा बाल भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने संकल्पों को धरातल पर उतारते हुए आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि किसान, युवा, महिला और व्यापारी सभी वर्गों को सशक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता है। इसी दिशा में रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित करें।

इस दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंत्री ने लाभार्थियों से संवाद कर उनके अनुभव भी जाने और विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मंत्री को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर उपलब्धियों, कीर्तिमान और सफलताओं का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था, आधारभूत संरचना, रोजगार और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति हुई है। सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान, एमएलसी अशोक कुमार, जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपायुक्त एनआरएलएम सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### चैत्रीय नवरात्र

**पंचम स्कंदमाता**

23 मार्च 2026, सोमवार



चैत्र नवरात्रे के पांचवें दिन मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा की जाती है। मां स्कंदमाता को मातृत्व के रूप में माना जाता है। इस रूप की विधिवत पूजा करने से संतान सुख की प्राप्ति होती है और साधक को हर दुख-दर्द से छुटकारा मिलने के साथ सुख-समृद्धि मिलती है। हिंदू शास्त्रों के अनुसार मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप में स्कंदमाता का स्वरूप काफी शुभ माना जाता है। मां कमल में विराजमान रहती हैं और वाहन की बाते करें तो वह सिंह है।



डा. मनोज वर्मा

वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम

स्योहारा ( बिजनौर )



# प्रो. जियाउर्रहमान सिद्दीकी को मिला इंटरनेशनल 'निशान-ए-उर्दू' सम्मान

## साहित्यिक बस्तियों में खुशी की लहर



प्रोफेसर जिया-उर-रहमान सिद्दीकी

**अमरोहा ( चिंगारी )।** अमरोहा के सुपुत्र प्रोफेसर जियाउर्रहमान सिद्दीकी ने एक बार फिर साहित्य की दुनिया में अमरोहा का नाम रोशन किया है।उन्हें न्यूयॉर्क की संस्था ने इंटरनेशनल 'निशान-ए-उर्दू' अवार्ड मिलने पर अमरोहा के साहित्यिक, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में खुशी की लहर है। अंजुमन तरक़्क़ी हिंद उत्तर प्रदेश, यूपी उर्दू अदब सोसाइटी, साहित्यिक संस्था कारवां खुलुस ,जिला उर्दू प्रेस क्लब, अंजुमन यादगार-ए-बका, जिंदा दिलाने अमरोहा और दूसरे संस्थाओं ने खुशी जाहिर की है।

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अमरोहा के साहित्यिक क्षेत्रों और देश-विदेश में उर्दू साहित्य के चाहने वालों के लिए यह बहुत सुखद खबर है कि उर्दू सेंटर न्यूयॉर्क ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के उर्दू डिपार्टमेंट के जाने-माने रिसर्चर, लेखक, ट्रांसलेटर, पत्रकार और टीचर प्रोफेसर ज़ियाउर रहमान सिद्दीकी को इंटरनेशनल अवॉर्ड 'निशान-ए-उर्दू' से सम्मानित किया है। इस सम्मान के रूप में अंग वस्त्र, प्रशिस्त-पत्र तथा भारतीय करेंसी में दो लाख पचास हज़ार रुपये दिए गए। इस अवॉर्ड की घोषणा अक्टूबर 2025 में सर सैयद डे के मौके पर न्यूयॉर्क में एक प्रतिष्ठित समारोह के दौरान की गई थी। प्रोफेसर सिद्दीकी की रिसर्च,आलोचना, टीचिंग और भाषाई सेवाओं ने उर्दू भाषा को ग्लोबल लेवल पर एक नई और मजबूत पहचान दी है। संस्था के संस्थापक और अध्यक्ष रईस वारसी के अनुसार, प्रोफेसर जियाउर रहमान सिद्दीकी उन विद्वानों में से हैं जिन्होंने अपनी बौद्धिक खोजों और विद्वतापूर्ण समझ के ज़रिए उर्दू के ग्लोबल क्षेत्र को बहुत बढ़ाया है। प्रोफेसर सिद्दीकी को मिले इस इंटरनेशनल सम्मान से उर्दू भाषा के साहित्यिक क्षेत्रों में खुशी की एक नई लहर आई है। जानकारों के मुताबिक, यह सम्मान उर्दू भाषा की उज्ज्वल परंपराओं का सिलसिला है और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक रोशनी की किरण है।अंजुमन तरक्की हिंद उत्तर प्रदेश के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं हाशमी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सिराजुद्दीन हाशमी, मशहूर इतिहासकार और लेखक डॉ.मिस्बाह अहमद सिद्दीकी, वरिष्ठ पत्रकार डा.शाकिर अमरोहवी, यूपी उर्दू अदब सोसाइटी के अध्यक्ष कौसर अली अब्बासी, सामाजिक साहित्यिक संगठन कारवांन खुलुस के अध्यक्ष महबूब हुसैन ज़ैदी , अंजुमन यादगार बका के अध्यक्ष गुलरेज़ सिद्दीकी,उर्दू प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. महताब अमरोहवी, वरिष्ठ पत्रकार अली आबिदी, सालार गाजी, मोमिनीन कुरैशी कमाल हसनैन, शिबान कादरी, डॉ. नासिर परवेज, अनीस अहमद और दूसरे,पत्रकारों कवियों और लेखकों ने बधाई दी है। मुस्लिम कमेटी अमरोहा के अध्यक्ष इकबाल अहमद खान, सेक्रेटरी इकरार अहमद अंसारी, सदर विधायक, चेयरमैन उत्तर प्रदेश लोक लेखा समिति महबूब अली, पूर्व विधान सभा सदस्य परवेज महबूब अली ने कहा कि डॉ. जिया की साहित्यिक सेवाओं से जहां एक तरफ उर्दू /हिंदी तथा अंग्रेजी साहित्य को बहुत फायदा हुआ है, वहीं दूसरी तरफ अमरोहा का गौरव और ऊंचा हुआ है।

# सपनों में आए महादेव, तो असम से केदारनाथ की पैदल यात्रा पर निकल पड़ा शिवभक्त प्रहलाद



**नहटौर ( चिंगारी )।** 'मन में विश्वास हो तो पर्वत भी झुक जाते हैं'। इस कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं असम के एक युवा शिवभक्त। थकान और ऊबड़-खाबड़ रास्तों की परवाह किए बिना, प्रहलाद नामदास बाबा केदारनाथ के दर्शन के लिए 2500 किलोमीटर की लंबी पैदल यात्रा पर निकले हैं। गुरुवार को जब वे नहटौर-नूरपुर मार्ग पर स्थित ग्राम खंडसाल पहुंचे, तो स्थानीय ग्रामीणों ने उनकी अटूट भक्ति देख उनका ज़ोरदार स्वागत किया।

जानकारी के अनुसार अपनी इस कठिन पदयात्रा के पीछे की प्रेरणा साझा करते हुए प्रहलाद भावुक हो उठे। उन्होंने बताया कि उन्हें एक रात सपना आया था जिसमें वे पैदल बाबा केदारनाथ के धाम पहुंच रहे हैं। प्रहलाद ने इसे महादेव का साक्षात आदेश माना और 25 जनवरी 2026 को असम के बोंगाईगाँव जिले से अपनी यात्रा का श्रीगणेश कर दिया। हाथ में भगवा ध्वज लिए प्रहलाद अब तक 55 दिनों का सफर पूरा कर चुके हैं। असम से चलकर बिहार और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों को पार करते हुए वे बिजनौर जनपद की सीमा में दाखिल हुए हैं। यात्रा के दौरान वे जहाँ भी रुकते हैं, लोग उनकी हिम्मत और जज्बे को नमस्कार कर रहे हैं। प्रहलाद की यह यात्रा केवल निजी आस्था तक सीमित नहीं है। उनकी पीठ पर बँधे सामान के साथ 'गौ-सम्मान' का एक पोस्टर लगा है, जो राहगीरों का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। प्रहलाद का कहना है कि मेरी यात्रा का उद्देश्य सनातन धर्म का प्रचार और गौ-माता की सेवा के प्रति लोगों को जागरूक करना है। सीतापुर में एक श्रद्धालु ने मुझे यह पोस्टर दिया था, जिसे मैंने अपनी इस आध्यात्मिक यात्रा का मिशन बना लिया है। क्षेत्रवासियों ने प्रहलाद के सुरक्षित सफर और सफल दर्शन की कामना करते हुए उन्हें विदा किया। प्रहलाद का यह संकल्प आज के युवाओं के लिए श्रद्धा और धैर्य की एक अनूठी मिसाल पेश कर रहा है।

**सनातन धर्म का प्रचार और गौ-माता की सेवा के प्रति लोगों को कर रहा जागरूक**

# रचना पाल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित किया



बिजनौर (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी जिला बिजनौर के नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से डॉक्टर रचना पाल द्वारा अपने कार्यालय पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर रचना पाल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों का सभी पदाधिकारी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे और संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने भी डॉक्टर रचना पाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें और अधिक उत्साह एवं ऊर्जा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। इस मौके पर कई गणमान्य व्यक्ति एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। महा मंत्री दिनेश, नरेश भाटी, बलराज त्यागी, रजनी कालरा, माया पाल, रवि चौधरी, नीरज विश्नोई, जितेंद्र राजपूत,विनोद राठी, शिखा गुप्ता, सुनील राजपूत, गोपाल धीमान, संजीव गुप्ता, मानव सचदेवा, पूनम शर्मा, राजकुमार जी उपस्थित रहे।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम
ATHER अब धामपुर में खुलने जा रहा है
आवश्यकता है-
मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक
मो. 9119766026
25 हजार तक की डिस्काउंट
आवश्यकता है
*वर्कशॉप सुपरवाइजर
*मैकेनिक
*नियम व शर्तें लागू
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# नांगल सोती इलाके में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद-उल-फ़ित्र



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** नांगल सोती में ईद-उल-फ़ित्र की नमाज़ सराय आलम मार्ग वाले कब्रिस्तान के बीच में निर्धारित स्थान पर ज़ामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती शादाब ने सुबह 9 बजे अदा कराई। हजारों नमाजियों ने यहां ईद की नमाज़ अदा की। ईद की नमाज़ के बाद हजारों नमाजियों के हाथ अल्लाह तआला से तरक्की व खुशहाली की दुआ मांगने के लिये उठे। उन्होने मुल्क व कौम की तरक्की , दहशतगर्दी के खात्मे , देश और दुनिया में अम्नो-अमान कायम रहने, बीमारों को अच्छी सेहत देने तथा सभी की खुशहाली के लिये दुआ मांगी। इस अवसर पर मुफ्ती शादाब ने तकरीर करते हुए कहा कि हमें बुराई के रास्ते को छोड़कर अच्छाई और सच्चाई के रास्ते पर चलना है। नांगल में गंगा घट्टी के समीप स्थित मस्जिद में कारी फरमान ने ईद की नमाज़ सुबह 9.30 बजे अदा कराई। ग्राम शहजादपुर में मदरसे वाली जामा मस्जिद में सुबह 8.30 बजे मौलाना असजद ने , सहकारी समिति के पास स्थित आयशा मस्जिद में सुबह 8.45 बजे हाफिज मौ. उमर ने, मेन रोड के तिराहे के समीप स्थित नूरानी मस्जिद में कारी शादाब ने सुबह 8 बजे ईद की नमाज़ अदा कराई। क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर सैद उर्फ सैदपुरी में मेन रोड के किनारे स्थित ईदगाह पर सुबह 8 बजे जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मौ. नाजिम ने, ग्राम सबलपुर बींतरा स्थित ईदगाह पर सुबह 9.15 बजे कारी रिहान ने तथा ग्राम दिनौड़ा में स्थित ईदगाह पर सुबह 9 बजे मौलाना फैजान ने ईद की नमाज़ अदा कराई।

## भीम आर्मी ने स्टॉल लगाया

ग्राम सबलपुर बींतरा स्थित ईदगाह के सामने आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) तथा भीम आर्मी के द्वारा स्टॉल लगाया नमाजियों को पानी पिलाया गया। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष प्रशांत महासागर, रजत कुमार, प्रवेश कुमार, अशोक कुमार, वीरेन्द्र कुमार, संदीप कुमार, सलीम अहमद, दानिश चौधरी, नितिन गौतम, शिवम गौतम, गौतम कुमार, अभिषेक कुमार , इमरान कस्सार बिजनौरी, प्रधानपति अब्दुल हक आदि मौजूद रहे।

# छात्रा सारा शाहिद ने अनोखे जीरो वेस्ट मॉडल बनाकर नाम रोशन किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के मौहल्ला मकबरा निवासी छात्रा सारा शाहिद ने 10 दिवसीय विज्ञान घर कार्यक्रम में अपने अनोखे जीरो वेस्ट मॉडल बनाकर नाम रोशन किया है। सारा ने बताया कि हम रोजाना जिस पेन का उपयोग करते हैं, उनमें बड़ी मात्रा में प्लास्टिक होता है। पेन आकार में छोटा होता है, इसलिए लोग इसके प्लास्टिक कचरे को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन यही छोटा-छोटा कचरा मिलकर पर्यावरण के लिए एक बड़ा खतरा बन जाता है। सारा ने केवल बायोडिग्रेडेबल पेन ही नहीं बनाया, बल्कि प्लास्टिक कचरे के पुनः उपयोग का भी समाधान सुझाया। उन्होंने बताया कि इस्तेमाल किए गए प्लास्टिक पेन को इकट्ठा करके उनकी बॉडी को पीसकर उसमें एपॉक्सी रेजिन मिलाया जा सकता है। इससे टेबल टॉप व अन्य फर्नीचर तैयार किए जा सकते हैं, जो कचरे को उपयोगी उत्पाद में बदलने का एक बेहतरीन उदाहरण है।

# पोर्टल पर लोड के चलते बिजली उपभोक्ताओं के सामने आ रही समस्या

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** बिजली विभाग के एसडीओ (शहरी) कामेंद्र गर्ब्याल ने बताया कि बिजली विभाग के पोर्टल पर लोड चलने के कारण स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को कुछ परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एसडीओ बताया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को परेशान होने की जरूरत नहीं है। एक सप्ताह के अंदर पोर्टल पर लोड कम होने के बाद उपभोक्ताओं की बिजली का बिल में कमियां, पोर्टल न खुलने से बिल आदि की जानकारी न मिलने की समस्या दूर हो जाएगी। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद इसका कंट्रोल अब सीधे लखनऊ से ऑन लाइन होता है। मीटर रिचार्ज, बिल जमा होना व कनेक्शन लगना व कटना पहले की तरह अब मैनुअल तरीके से नहीं हो सकता है। एसडीओ ने कहा कि बाकी बिजली उपभोक्ताओं समस्याओं का वह लगातार समाधान कराने का काम रहे है।


सभी भांजे-भांजियों और जनपदवासियों को चैत्रीय नवरात्रों व ईद-उल-फ़ित्र की दिली मुबारकबाद



शमीम अहमद मामा
काजीपाड़ा, बिजनौर





सभी जनपदवासियों व शहरवासियों को ईद-उल-फित्र की दिली मुबारकबाद




Add.: Chahshireen Road, Bijnor

# संपूर्ण विश्व में शांति ला सकता है सनातनी विचार- दुष्यंत

## स्वयं सेवकों ने निकाला पथ संचलन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संपर्क प्रमुख दुष्यंत ने कहा कि पूरा विश्व आज हिंदुत्व की ओर आशा की दृष्टि से देख रहा है। विश्व में जो अशांति, असुरक्षा तथा अन्याय व्याप्त है, उसके मूल में भोग की वृद्धि है, परंतु हिंदू संस्कृति, धर्म और राष्ट्र में त्याग की वृद्धि मौलिक रूप से विद्यमान है। अत: यह सनातनी विचार ही इस पूरे विश्व में शांति ला सकता है। विकास का जो आधुनिक मॉडल है पूरी तरह से फेल है, भारतीय सनातनी प्रवृत्ति का प्राकृतिक मॉडल सम्पूर्ण विश्व और इस वसुधा को बचा सकता है।

रविवार को भगीरथी बस्ती में आयोजित 'चैत्र शुक्ल प्रतिपदा उत्सव कार्यक्रम' को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए दुष्यंत ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक साधारण स्वयंसेवक असाधारण कार्य करने की शक्ति रखता है और अपने व्यवहार के कारण एक अनुकूल परिवर्तन ला सकता है। हम नित्य प्रति के कार्यक्रमों से जो सामाजिक, सांस्कृतिक वैचारिक, मानसिक तथा संघटनात्मक सिद्धियां प्राप्त करते हैं वह समाज के लिए बहुत उपयोगी है। कार्यक्रम के उपरांत स्वयंसेवकों ने बस्ती में 'पथ संचलन' निकाला। 'पथ संचलन' का कई स्थान पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद कौशिक ने की। कार्यक्रम मे जितेंद्र चौधरी प्रान्त सहमंत्री विहिप, देवेंद्र चीनू जिला प्रचार टोली सदस्य, कटार सिंह नगर सहकार्यवाह, विकास कुमार बस्ती प्रमुख, अनिल चौधरी शाखा कार्यवाह, सतेंद्र कुमार मुख्य शिक्षक, शेखर वर्मा मुख्य शिक्षक, अवधेश वर्मा सह शाखा कार्यवाह, रजत चौधरी जिला सह संयोजक धर्मजागरण, संजीव शर्मा, शिवाकर त्यागी बजरंगदल संयोजक, अरविन्द चौधरी, संदीप गौड़, राजेंद्र गोयल, हितेश सैनी, हिमांशु चौधरी, राजकुमार अग्रवाल, प्रशांत सेट्टी, विपुल शर्मा, विशाल ढाका, विट्टू नैतिक, प्रशांत मनीष, तुषार, रिद्धिमन, कविश, कार्तिक आदि उपस्थित रहे।

## अनुज मलिक ने ईदगाह पर कैम्प लगाकर नमाजियों का भव्य स्वागत किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख नेता एवं विधानसभा क्षेत्र बिजनौर से आगामी चुनाव के प्रबल दावेदार अनुज मलिक ने ईदगाह पर एक भव्य कैंप का आयोजन किया। इस कैंप में ईदगाह पहुंचकर नमाज अदा करने वाले हजारों नमाजियों पर पुष्प वर्षा की।

शनिवार को ईद के दिन अनुज मलिक ने नमाज के बाद व्यक्तिगत रूप से नमाजियों से गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर सपा के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन सहित अन्य प्रमुख नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। अनुज मलिक के इस पहल को स्थानीय लोगों ने जमकर सराहा है।

इस मौके पर सपा नेता अनुज मलिक ने कहा कि ईद-उल-फितर का यह त्योहार हमें आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश देता है। हिंदू-मुस्लिम भाईचारा हमारी ताकत है और समाजवादी पार्टी इसी भावना के साथ हर वर्ग के साथ खड़ी है। मैं सभी भाइयों-बहनों को ईद की ढेर सारी मुबारकबाद देता हूं। इस दौरान अनुज मलिक द्वारा कैम्प में खजूर और पानी का भी इंतजाम किया गया।

## जयंत चौधरी को धमकी देने वाले की गिरफ्तारी की मांग


हनी तोमर

**चांदपुर ( चिंगारी )।** रालोद नेता एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के करीबी हनी तोमर ने रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को जान से मारने की धमकी दिए जाने की कड़े शब्दों में भर्त्सना करते हुए धमकी देने वाले को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग की। युवा रालोद नेता हनी तोमर ने केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को जान से मारने की धमकी दिये जाने से उनके करोड़ों समर्थकों में आक्रोश व्याप्त है। श्री तोमर ने कहा कि जयंत चौधरी हमेशा किसान, मजदूर, व्यापारी व युवाओं के साथ साथ समाज के हर वर्ग के लोगों की आवाज बनकर खड़े हुए हैं। श्री तोमर ने कहा कि केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को जान से मारने की धमकी देना सहन नहीं किया जाएगा।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी



नहटौर में ईद मिलते हुए चेयरपर्सन पति जैद रशीद।

## शांतिपूर्वक मनाया ईद का त्यौहार

**नहटौर ( चिंगारी )। ईद उल फितर हर्षोल्लास व शांति के साथ मनाया गया। ईदगाह परिसर में मुफ्ती अज़हर तथा कपड़ा बाजार निकट मरकज ईदगाह परिसर में मौलाना रियाज अहमद ने नमाज अदा कराई। देश की शांति के लिए दुआ कराई गई। तथा आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। शनिवार को नहटौर नगर व क्षेत्र की करीब 114 मस्जिदों व ईदगाह परिसर में नमाज अदा की गई। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स तैनात रहा।**

## गौशाला से गौवंश चुरा कर काटने वालों की टांग में गोली गली



**नहटौर ( चिंगारी )।** गौवंश कटान के मामले में शामिल आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। मामले में गौशाला के चौकीदार को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र प्रताप ने बताया कि नहटौर पुलिस ने बलदाना-इलाहाबास रोड पर बाइक सवार दो युवकों को रोकने का प्रयास किया, तो उन्होंने पुलिस पर गोली चला दी। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा चलाई गई गोली से दोनों घायल हो गये। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायल आरोपी शहबाज उर्फ गुल्लू पुत्र मुर्तजा निवासी गावड़ी पनियाला एवं दूसरा इमरान पुत्र इकबाल हजरत नगर नूरपुर हैं। दोनों के पास से पुलिस ने दो तमंचे तीन जिंदा कारतूस व तीन खोखे पशु काटने के चापड़, छुरी, 3300 रुपये नगद और एक बाइक बरामद की। उन्होंने बताया कि इससे पहले इस मामले में तुराबनगर स्थित गौशाला के चौकीदार दयाराम को भी पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। उक्त चौकीदार ने ही आरोपियों के साथ मिलकर गौशाला से गोवंश चोरी कराये थे। क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडे ने बताया है कि उक्त आरोपियों ने 19 मार्च को दो गौवंश को काटकर उनका मांस बेच दिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपने अन्य साथियों के नाम भी बताए हैं, जिन्हें पुलिस द्वारा जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।




# गर्मियों का सुपरफूड है तरबूज़



## तरबूज में है 91 प्रतिशत पानी, नहीं बढ़ाता शुगर, शरीर को रखता हाइड्रेटेड

### तरबूज
100 ग्राम की न्यूट्रिशनल वैल्यू




*गर्मियों में गला सूख रहा हो और मीठा-रसीला तरबूज मिल जाए तो क्या ही कहना। आमतौर पर लोग इसे स्वाद और मजे के लिए खाते हैं, जबकि यह सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। लगभग 5 हजार साल पहले अफ्रीका में पहली बार तरबूज उगाया गया। इसके बाद धीरे-धीरे यह मिस्त्र और ग्रीस से होते हुए भारत पहुंचा। यहां तक कि मिस्त्र के पिरामिडों में भी तरबूज के अवशेष मिले हैं। तरबूज का 90 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा पानी होता है, जिससे शरीर हाइड्रेटेड बना रहता है, इसलिए तरबूज को गर्मियों का सुपरफूड भी कहते हैं।*

### 1 तरबूज में होते जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स

तरबूज खाने में इतना रसीला होता है कि लोग समझते हैं इसमें सिर्फ पानी है। जबकि, यह कई जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स का बेहतरीन सोर्स है। इसमें विटामिन C, विटामिन A और पोटेशियम भरपूर मात्रा में होता है।

### 2 तरबूज खाने से सेहत को कई फायदे

तरबूज खाने से सेहत को कई फायदे होते हैं। गर्मियों में यह शरीर को टेम्प्रेचर सामान्य रखने में मदद करता है। इससे इम्यूनिटी सुधरती है और स्किन हेल्थ भी इंप्रूव होती है।

### 3 इम्यून सिस्टम मजबूत होता है

तरबूज में भरपूर मात्रा में विटामिन C होता है, इससे इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। यह शरीर को संक्रमण और बीमारियों से लड़ने में मदद करता है और कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम भी कम कर सकता है।


### 4 आंखों के लिए फायदेमंद

**एक मीडियम साइज के तरबूज के टुकड़े में 9-11 प्रतिशत तक विटामिन A होता है। हमारी आंखों के लिए विटामिन A बहुत जरूरी है। इसलिए तरबूज खाने से आंखें स्वस्थ रहती हैं और नजर कमजोर होने का खतरा कम होता है।**

### 5 शरीर हाइड्रेटेड रहता है

तरबूज में लगभग 91 प्रतिशत तक पानी होता है, इसलिए तरबूज खाने से शरीर में पानी की कमी नहीं हो पाती है। गर्मियों में शरीर को अपेक्षाकृत ज्यादा पानी की जरूरत होती है। तरबूज खाने से पानी की ये जरूरत आसानी से पूरी हो सकती है।

### तरबूज
100 ग्राम में होते हैं ये विटामिन्स और मिनरल्स




### स्किन के लिए फायदेमंद

तरबूज में विटामिन A, B6 और C होता है। ये सभी विटामिन्स स्किन को कोमल और चमकदार बनाए रखते हैं। तरबूज पानी से भरपूर होता है, इसे फेस मास्क के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। एक चम्मच दही में एक चम्मच तरबूज का रस लेकर मिक्स करें, इसे चेहरे पर 10 मिनट तक लगाए रखें और धो लें। इससे स्किन चमकदार होती है।

### पाचन तंत्र मजबूत होता है

*अगर किसी को पाचन से जुड़ी समस्या रहती है, जैसे क्रोहन या कोलाइटिस है, तो आप तरबूज खा सकते हैं। तरबूज पेट में आसानी से पच जाता है। इससे गुड गट बैक्टीरिया भी बढ़ते हैं, जो खाना पचाने में मदद करते हैं, इसलिए तरबूज खाने से पाचन तंत्र मजबूत होता है।*

## यूपी के इस जिले में बनती है देश की सबसे महंगी शराब!

**त्यौहारी सीजन में शराब की डिमांड बढ़ जाती है। साथ ही बिक्री भी रिकॉर्ड होती है। वैसे तो होली में ड्राई डे रहता है, लेकिन शराब के शौकीन पहले ही स्टॉक जमा कर लेते हैं। इससे पहले शराब की दुकानों पर लंबी-लंबी लाइनें लगने लगती हैं। होली जैसे त्यौहार का जश्न हो तो शराब की कीमत भी खास मायने नहीं रखती। अब भारत में ही इतनी महंगी शराब बनती है, जिसके आगे विदेशी शराब फीकी पड़ जाती है। आइए जानते हैं भारत की सबसे महंगी शराब कौन सी है, इसकी कीमत जानकर आपके होश उड़ जाएंगे।**

**देश की सबसे महंगी शराब :-** भारत की सबसे महंगी शराब उत्तर प्रदेश के रामपुर में बनती है। इसका नाम रामपुर सग्निचर रिजर्व सिंगल माल्ट व्हिस्की है। रेडिको खेतान की यह लग्जरी शराब की एक बोतल की कीमत पांच लाख रुपये है। यह कोई आम शराब नहीं है, बल्कि अपनी शानदार क्वालिटी और खासियत के कारण भारत की सबसे महंगी सिंगल माल्ट व्हिस्की बन चुकी है। इसे देश की जानी-मानी कंपनी रेडिको खेतान यूपी के रामपुर में स्थित डिस्टिलरी में तैयार करती है।

**82 साल से बना रही शराब:-** रामपुर में स्थित यह

अजब गजब



डिस्टिलरी 1943 से शराब बना रही है। सग्निचर रिजर्व सिंगल माल्ट व्हिस्की की सिर्फ 400 बोतल ही तैयार की गई थीं। इसकी कीमत पांच लाख रुपये होने के बाद भी खूब डिमांड रहती है। रामपुर सिंगल माल्ट शराब हर बजट के शौकीनों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। रामपुर डबल कास्क की कीमत लगभग 8500 रुपये प्रति बोतल है।

**इसकी भी डिमांड:-** वहीं, रामपुर पीएक्स शेरी एडीशन लगभग 12,000 रुपये में बिकती है। रामपुर सेलेक्ट की बात करें तो इसकी कीमत करीब 14,000 रुपये प्रति बोतल है। रामपुर असवा की कीमत करीब 10,990 रुपये है। सबसे प्रीमियम वेरिएंट रामपुर जुगलबंदी की कीमत 40,000 रुपये प्रति बोतल है। रामपुर त्रिगुण की कीमत 17000 रुपये प्रति बोतल है।

**कैसे तैयार होती है सिंगल माल्ट व्हिस्की:-** सिंगल माल्ट वह व्हिस्की होती है जिसे एक ही डिस्टिलरी में केवल माल्टेड जौ से तैयार किया जाता है। माल्टेड जौ को पहले अंकुरित किया जाता है। इसके बाद सुखाया जाता है। फिर इसे मैश करके पकाया जाता है। इस प्रोसेस में जौ में स्टार्च को शर्करा में तब्दील किया जाता है। जो बाद में फर्मेंटेशन प्रोसेस के दौरान अल्कोहल में परिवर्तित हो जाता है। सिंगल माल्ट व्हिस्की को अमूमन ओक बैरल में मेच्योर किया जाता है।

# कुलपति प्रो. डॉ. हिमांशु ऐरन की राष्ट्रीय डेंटल कमीशन के शीर्ष बोर्ड में नियुक्ति

## डेंटिस्ट्री अब आखिरी व्यक्ति तक पहुंचेंगे- डॉ ऐरन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद बिजनौर के कस्बा हल्दौर के निवासी रहे वर्तमान में सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डाक्टर हिमांशु ऐरन की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय डेंटल कमीशन (ह्ब्ष्ट) मे डेंटल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड में होल पूर्ण कालिक सदस्य के रूप में की गई है।



उनकी इस नियुक्ति पर उनके परिजनों, मित्रों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे उनकी व्यक्तिगत उत्कृष्टता का प्रतीक बताया है।

गौरतलब है कि यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब भारत सरकार डेंटल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को वैश्विक मानकों के अनुरूप, पारदर्शी और गुणवत्ता-आधारित बनाने की दिशा में निर्णायक कदम उठा रही है, तथा इस परिवर्तन के केंद्र में डॉ. ऐरन जैसे अनुभवी, दूरदर्शी और सिद्ध नेतृत्वकर्ता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

इस ऐतिहासिक जिम्मेदारी पर प्रेस से बातचीत करते हुए प्रो. डॉ. हिमांशु ऐरन ने कहा कि 'यह केवल एक पद नहीं, बल्कि देश के प्रति एक बड़ी जिम्मेदारी है। मेरी प्राथमिकता होगी कि डेंटल स्वास्थ्य सेवाओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। हम ऐसी व्यवस्था विकसित करेंगे, जिसमें हर नागरिक को सुलभ, किफायती और उच्च स्तरीय डेंटल केयर मिल सके।'

### कई अवार्डों से नवाजे जा चुके

डॉ. ऐरन की यह उपलब्धि उनके तीन दशक से अधिक के अनुभव, प्रशासनिक दक्षता और शिक्षा एवं शोध के प्रति समर्पण का परिणाम है। हालांकि इससे पूर्व भी उन्हें कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं जिनमें प्रोस्थोडोंटिक्स ऑफ़ द ईयर 2013, 2015, आउटस्टैंडिंग अकादमिशियन अवार्ड 2014 , आईसीडी अवार्ड 2014, 2015, उत्तराखंड के राज्यपाल द्वारा हिमरत्न अवार्ड तथा भारत के उपराष्ट्रपति द्वारा प्रोजेक्ट आरोग्य के लिए मिले सम्मान प्रमुख हैं। इतना ही नहीं, उन्हें पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा शोध क्षेत्र में योगदान के लिए भी सराहा गया है।

### महत्वपूर्ण परिणाम आने की उम्मीद- मारवाड़ी

**प्रो. डॉ. हिमांशु ऐरन की नियुक्ति को इस पूरे परिवर्तन को गति देने वाली एक सशक्त कड़ी के रूप में माना जा रहा है। डाक्टर ऐरन के मित्र पत्रकार नरेन्द्र कुमार मारवाड़ी ने उनकी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में डॉ. ऐरन के नेतृत्व में डेंटल शिक्षा और सेवाओं का विस्तार देश के अंतिम छोर तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण परिणाम सामने आने की पूरी उम्मीद है।**

# जयंत चौधरी को जान से मारने की धमकी पर रालोद कार्यकर्ताओं में आक्रोश

## धमकी देने वाले के ख़िलाफ़ हो सख्त कार्रवाई-सुखबीर सिंह

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय कौशल विकास मंत्री चौधरी जयंत सिंह को जान से मारने की धमकी दिये जाने से रालोद कार्यकर्ताओं में रोष है। रालोद के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक चौधरी सुखबीर सिंह ने धमकी देने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है तथा चौधरी जयंत सिंह की सुरक्षा बढ़ाने को कहा है।

राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के निजी सहायक विश्वेंद्र शाह को फोन कर चौधरी साहब को जान से मारने की धमकी दिए जाने से रालोद कार्यकर्ताओं में रोष है। रालोद राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य तथा पूर्व विधायक चौधरी सुखबीर सिंह ने जयंत की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि चौधरी जयंत सिंह किसानों व नौजवान के हकों की लड़ाई को लड़ रहे हैं। उन्हें जान से मारने की धमकी देने वाले के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से केंद्रीय कौशल विकास राज्य मंत्री चौधरी जयंत सिंह की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की।



सुखवीर सिंह

चौधरी सुखबीर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल सांप्रदायिक सौहार्द बनाने तथा किसान व नौजवान के हकों की लड़ाई लड़ता रहा है। रालोद के वरिष्ठ नेता महावीर सिंह ढाका ने भी धमकी दिये जाने पर चिंता जताई है। उन्होंने केंद्र सरकार से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उधर मास्टर राजेंद्र भुइयार ने कहा है कि केंद्रीय कौशल विकास मंत्री चौधरी जयंत सिंह की सुरक्षा बढ़ाने की जरूरत है। वर्तमान में विकसित भारत को लेकर चौधरी जयंत सिंह युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। उन्हें जान से मारने की धमकी देने वाले के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

# गौरैया वाली हवेली पर केक काटकर मनाया गया गौरैया दिवस

## सैकड़ों बर्षों से गौरैया का निवास है ये हवेली

**स्योहारा ( चिंगारी )।** लगभग 300 वर्षो से गौरैया शेख जी की हवेली पर निवास कर रही है। शुक्रवार को मोहल्ला शेखान निवासी गौरैया प्रेमी फराज शेख के आवास पर हर साल की तरह इस वर्ष भी विश्व गौरैया दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में रेंजर शशांक गुप्ता, समाजसेवी डा. मनोज वर्मा और रालोद नेता महावीर सिंह ने केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस मौके पर डा. मनोज वर्मा ने कहा कि हर साल 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाने का उद्देश्य गौरैया सहित अन्य सामान्य पक्षियों की घटती संख्या के प्रति लोगों को जागरूक करना और उनके संरक्षण के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि शहरों में गौरैया के कम होने का मुख्य कारण उनके लिए सुरक्षित आवास का अभाव है।



जमाल शेख ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि घरों की छत पर बचा हुआ खाना, गेहूं-चावल के दाने और मिट्टी के बर्तनों में पानी जरूर रखें, ताकि पक्षियों को भोजन और पानी मिल सके और उनकी संख्या में कमी न आए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित युवाओं को घोंसले वितरित किए गए और उन्हें अपने घरों में लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर बदर खान, रेंजर धामपुर अकरम अंसारी, पूर्व सीओ इकबाल उज्जमा. हसन जावेद सहित कई लोग मौजूद रहे।



# नांगल सोती में शहीद मेले का आयोजन

## शहीदों की क्रांतिकारी विरासत को जिंदा रखने की जरूरत - कविता

**नांगल सोती ( चिंगारी )। शहीदे आजम भगतसिंह, सुखदेव व राजगुरु के 95 वें शहादत दिवस ( 23 मार्च ) के उपलक्ष्य में यहां आयोजित शहीद मेले का कल उद्घाटन हुआ। मेले में कार्यक्रम आयोजित कर शहीदों, क्रांतिकारियों की अमर गाथा का गुणगान किया गया।**

इस अवसर पर स्त्री मुक्ति लीग की नेत्री कविता कृष्णपल्लवी ने कहा कि हमारे शहीदों की क्रान्तिकारी विरासत को जनता के बीच जिंदा रखने के लिये शहीद मेला जैसा सांस्कृतिक आयोजन करने की बेहद जरूरत है। ये मेला सिर्फ मनोरंजन के लिये नहीं , बल्कि हमारे गौरवशाली क्रांतिकारी इतिहास को युवाओं के दिलों में पुनर्जीवित करने के लिये है। उत्तराखंड महिला मंच की नेत्री कमला पंत ने शहीद मेले के आयोजन को आज के दौर में बेहद जरूरी बताया और कहा कि शहीद मेले का आयोजन समाज की बेहतरी के लिये सोचने, संघर्ष करने और भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों के सपनों को पूरा करने का साहस रखने वाले संघर्षशील युवाओं एवं नागरिकों के साथ व्यापक आम आबादी के लिये एक रचनात्मक, सांस्कृतिक मंच की भूमिका को बहुत ही बेहतर तरीके से निभायेगा।



शहीद मेले में क्रांतिकारियों का साहित्य खरीदते युवा

पटियाला से आये तर्कशील सोसायटी के रामकुमार ने जादू और अंधविश्वास पर आधारित अपना कार्यक्रम पेश किया। अंत में गौहर रज़ा द्वारा निर्देशित फिल्म 'इंकलाब' की स्क्रीनिंग की गयी। यूपी के पूर्व शिक्षा निदेशक एन. एन. पांडे, माकपा के जिला मंत्री विजेन्द्र सिन्हा, राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज के पूर्व प्रबंधक राघव प्रताप एड., भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार, जिला उपाध्यक्ष अजय बालियान 'गुड्डू', मुकुल सहरावत, रोहित कुमार, राहुल कुमार, प्रमोद कुमार, ज्ञान सिंह, बिट्टू पहलवान, नौजवान भारत सभा के अपूर्व मालवीय, मुकेश कुमार, रामाधार, शिवा, गीतिका, राजू, गणेश, प्रदीप गोस्वामी, मा. कृष्ण कुमार, सौपाल सिंह, शाहनवाज, जाकिर, सलमान प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सामाजिक कार्यकर्ता चौधरी हेमेन्द्र सिंह ने मेले में आये समस्त नागरिकों, युवाओं, महिलाओं, प्रबुद्धजनों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए 23 मार्च तक चलने वाले शहीद मेले को सफल बनाने की अपील की।

## भगवान परशुराम की शोभायात्रा इस बार भव्य रूप में निकालने पर हुआ विचार

**धामपुर ( चिंगारी )।** रविवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकालने हेतु एक बैठक अनिल शर्मा एडवोकेट प्रदेश अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण महासभा के आवास पर हुई। बैठक में सर्वसम्मिति से निर्णय लिया गया कि धामपुर नगर में भगवान परशुराम शोभायात्रा भव्यरूप से निकाली जाएगी, जिसमें जनपद बिजनौर के समस्त ब्राह्मण बन्धुओ को आमंत्रित किया जाएगा। शोभायात्रा को भव्य स्वरूप देने के लिए अधिकधिक मातृशक्ति की उपस्थिति बढ़ाने पर विचार विमर्श हुआ। बैठक में अनिल शर्मा एडवोकेट, नवचेतन शर्मा महामंत्री अनिल कुमार शर्मा अध्यक्ष, सचिन दत्त शर्मा हर्ष राणा, डॉक्टर जे के कौशिक, संजीव शर्मा संजू,संदीप शर्मा कुलदीप शर्मा विवेक शर्मा मोनू, पवन कौशिक महाराज, उमाशंकर शर्मा एडवोकेट आदि ने अपने विचार रखें।

### सूचना

मेरे दो बैनामे जिनकी बैनामा संख्या 22228 व दूसरा बैनामा संख्या 8053 नजीबाबाद से आते हुये कहीं गिर गये है। काफी तलाशने पर भी नहीं मिले। किसी के द्वारा इनका उपयोग पूर्णत: अवैध माना जायेगा। **- मौ. नसीम पुत्र हनीफ, निवासी ग्राम कोतवाली, परगना व तहसील नगीना, थाना कोतवाली देहात, जिला बिजनौर।**

## ईदगाहों पर पहुंचे कपिल कुमार व मदन लाल सैनी ने दिया भाईचारे का पैगाम

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** ईद की नमाज के वक्त से पूर्व ही ईदगाहों पर पहुंचे कई सियासी पार्टियों के अनेक वरिष्ठ नेताओं ने नमाज के बाद ईदगाहों से बाहर आए लोगों से मुलाकात कर उन्हें ईद की बधाई देते हुए गंगा-जमुनी तहजीब को आगे बढ़ाया। सपा के वरिष्ठ नेता, बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र के पूर्व सपा प्रत्याशी कपिल कुमार दर्जनों सपा कार्यकर्ताओं की टीम के साथ ईद पर अफजलगढ़ सहित क्षेत्र के कई गांवों में लोगों से मिले और ईद की बधाइयां देते हुए उनकी खुशियों में शामिल हुए। उधर भगीरथ सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एड. मदनलाल सैनी अपनी टीम सहित ईद के अवसर पर अफजलगढ़ ईदगाह में लोगों से मिले और पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ सपा नेता शेख सुलेमान सहित तमाम लोगों से मुलाकात के साथ-साथ कासमपुर गढ़ी, मानियावाला, सीरवासुचंद आदि अनेक गांवों में घूमकर मुस्लिम समाज के लोगों की ईद में शामिल हुए। उधर क्षेत्र के ग्राम नाबका निवासी कांग्रेस नेता उत्तम सिंह चौहान ने कासमपुर गढ़ी सहित क्षेत्र की कई ईदगाहों के बाहर कैम्प लगाकर नमाजियों के लिए पानी की व्यवस्था कराई और उन्हें ईद की बधाई दी जिसकी लोगों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की।



ईद पर लोगों से मुलाकात करते सपा नेता कपिल कुमार व मदनलाल सैनी एड.।



# 'अल्लाह से डरें, गुनाहों से तौबा करें'

## अकीदत से मनाया ईद-उल-फित्र का त्यौहार

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर में ईद उल फितर का पर्व हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में अकीदत के साथ मनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने ईदगाह में ईद की नमाज़ अदाकर अमन, चैन ,खुशहाली की दुआएं मांगी। शुक्रवार को दिन भर रूक रूक कर हुई बारिश के कारण रोनक गायब रही, परंतु शाम को बारिश रूकते ही बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी और देर रात तक महिलाओं पुरुषों और बच्चों ने जमकर खरीदारी की। शनिवार को शहर इमाम मुफ़्ती अमानुर्रब ने ईदगाह में ईद की नमाज अदा कराई। इस दौरान उपस्थित जनसमूह को खिताब करते हुए मुफ्ती साहब ने कहा कि जिस तरह हमने पूरे रमजान पाबंदी से अल्लाह की इबादत की और गुनाहों से तौबा कर नेकी के रास्ते पर चलने का काम किया है, आने वाले महीनों में भी इसी तरह जिंदगी गुजारे। उन्होंने खासतौर से नौजवानों को ईद के दिन फिल्म देखने जैसे खुराफाती कामों से बचने, यातायात नियमों का पालन करने, अपनी जात से किसी को तकलीफ ना पहुंचाने और ईद की खुशियों में गरीबों को भी शामिल करने की नसीहत की। नमाज़ के बाद अमन चैन खुशहाली की दुआ कराई गई। इस मौके पर थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व विधायक मोहम्मद गाज़ी, मौ कमाल ,पूर्व चेयरमैन शेख कमरुल इस्लाम, पूर्व मंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान के सुपुत्र अमित चौहान, आसपास के नेता सलम नवाज़ आदि ने अपने साथियों के साथ ईदगाह मार्ग पर स्वागत शिविर लगाकर लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह के अलावा जामा मस्जिद, अली मस्जिद, मदरसा रहमानिया वाली मस्जिद, पुलिस चौकी वाली मस्जिद आदि मस्जिदों में भी ईद की नमाज़ अदा की गई। दिन बढ़ने के साथ साथ बारिश रूककर मौसम खुशगवार होने से ईद का उत्साह भी बढ़ता चला गया।



### पालिका ने माकूल इंतजाम किये

*हर साल की तरह इस बार भी ईद के मौके पर नगरपालिका द्वारा चेयरपर्सन शबनम नाज़ व अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी के निर्देश पर सफाई और जलापूर्ति के खास इंतजाम किये गए। ईद गाह सहित अन्य मुख्य मार्गों पर सफाई कराकर चूना डलवाया गया। ईदगाह के पास अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी के नेतृत्व में लोगों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।*

### हिंदु-मुस्लिम भाई चारे का माहौल रहा

*विगत वर्षो की भांति ईद पर नगर में ग्रामीण क्षेत्र मे आपसी भाईचारे और सौहार्द का माहौल दिखाई दिया। मुस्लिमो ने जहां हिंदू भाइयों को मिठाई व उपहार देकर ईद की खुशियों में शामिल किया, वहीं हिंदू भाइयों ने भी दिल खोलकर मुस्लिमो को गले मिल ईद की मुबारक दी। आपसी भाई चारे को मजबूत करने का ये सिलसिला पूरे दिन चलता रहा।*

# अमनो-अमान की दुआ के साथ सम्पन्न हुई ईद की नमाज़



**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** क्षेत्र में ईद उल फ़ित्र का त्यौहार आपसी भाईचारे, खुशदिली के साथ मनाया गया। ईदगाहों पर अल्लाह का कुर्ब हासिल करने के लिए ईद उल फ़ित्र की नमाज अदा कर देश मे अमनो अमान व खुशहाली /तरक्की के लिए दुआ की। इस मौके पर पुलिस मुस्तैद रही।

हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर कला, मसीत, अकबरपुर तिगरी,पिपली जट, सब्दलपुर रेहरा, गागू नगला की ईदगाह पर हजारों लोगो ने बड़ी ही खुशदिली के साथ ईद उल फ़ित्र की नमाज अदा कर एक दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद पेश की । इस दौरान ईदगाह के आसपास लगी दुकानों पर बच्चों ने खूब जमकर खरीदारी भी की। गांव गागू नगला की प्राचीन ईदगाह पर सुबह 8:30 बजे नमाज अदा की गई। नमाज के बाद हजारों नमाजियो ने एक साथ दोनों हाथ उठाकर अपने गुनाहों की माफी मांगते हुए अल्लाह से देश मे अमनो अमान, तरक्की खुशहाली के लिए गिड़गिड़ा कर दुआ की।

ग्राम पुट्ठा निवासी भूमि विकास बैंक हल्दौर के चेयरमैन राकेश प्रधान, लाखन सिंह, सोपाल सिंह, प्रधान पुत्र पंकज कुमार, देवराज सिंह, धीरसिंह उर्फ़ बिल्लू ने ईद उल फितर के मौके पर मुस्लिमो के घर जाकर ईद की मुबारकबाद पेश की। उधर थाना प्रभारी निरीक्षक जय भगवान सिंह के अनुसार क्षेत्र की सभी ईदगाहों व मस्जिदों में शांतिपूर्ण ढंग से ईद की नमाज अदा की गई। ईद उल फ़ित्र का त्योहार थाना क्षेत्र में शांति पूर्वक ढंग से मनाया गया।

**नूरपुर।** शनिवार को ईद-उल-फितर का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया।बिजनौर रोड स्थित ईदगाह पर सुबह आठ बजे शहर इमाम मौलाना मोहम्मद अली खादमी ने ईद की नमाज़ अदा कराई।नमाज़ से पहले लोगों को ख़िताब करते हुए उन्होंने कहा कि मुसलमान दुनिया मे इम्तहान के लिए आया है इसलिए सभी मुसलमान कुरआन व नबी मोहम्मद सल्लाहु आलेही वसल्लम के बताए रास्ते पर चलकर जिंदगी गुजारे। शहर इमाम ने नमाज़ के बाद मुल्क की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआ कराई नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामअवतार सैनी ने ईदगाह पर कैम्प लगाकर मुसलमानों को ईद की मुबारकबाद दी।सुरक्षा की दृष्टि से एसडीएम चांदपुर नितिन तेवतिया, सीओ चांदपुर देश दीपक सिंह,नगरपालिका अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा, हलका लेखपाल अमित व तोमर थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



**बरूकी।** ईद-उल-फितर का पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बरूकी स्थित जामा मस्जिद में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सुबह एकत्र होकर शांतिपूर्वक ईद की नमाज अदा की। नमाज के दौरान सुरक्षा के मद्देनज़र पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। जामा मस्जिद के इमाम मौलाना शाकिर ने सुबह 8:35 बजे ईद-उल-फितर की नमाज अदा कराई। इस अवसर पर हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग जामा मस्जिद पहुंचे और अल्लाह की इबादत में शामिल हुए।

## शिया सम्प्रदाय के लोगों ने काली पट्टी बांधकर ईद की नमाज़ पढ़ी



**किरतपुर (चिंगारी)।** शिया समुदाय की राजधानी कहे जाने वाले समीपवर्ती ग्राम मेमन सादात में खुशियों का त्योहार ईद उल फितर इस बार रंजो गम के साथ मनाया गया। ईदगाह पर पहुंचे सैकड़ो लोगों ने काला लिबास पहनकर गम का इजहार किया। ईरान के सुप्रीमो मरहूम सैयद अली खान अन्य की शहादत पर गांव में ईद पर भी गम की लहर दिखाई दी। ग्राम मेमन सादात की ईदगाह में सवेरे 9:00 बजे पेश इमाम सैयद शेर अली जैदी ने नमाज अदा कराई तथा खुतबा पड़ा। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर सैयद अली खामनेई व उनके परिवार की जघन्य हत्या से उनका दिल दुखी है, इसलिए शोक स्वरूप सभी नमाजियों ने काले कपड़े पहनकर नमाज अदा की। अंत में उन्होंने देश दुनिया में अमन कायम रहने और जालिमों का खत्म करने की दुआ कराई। इस मौके पर गांव के लोगों ने कोई खुशी नहीं मनाई। किसी से न गले मिले, न किसी से हाथ मिलाकर ईद की मुबारकबाद दी। समीपवर्ती ग्राम भनेडा, शंकरपुर, हुसैनपुर व मुंडाखेड़ा के लोगों ने भी काले कपड़े पहनकर मेमन की ईदगाह में नमाज अदा की इस मौके पर जिन लोगों ने शोक स्वरूप काली पट्टी बांध रखी थी। उन्हें पुलिस ने खुलवा दिया था पूरे कार्यक्रम की वीडियो ग्राफी कराई गई।

## हिन्दू नववर्ष के अवसर पर शिव मंदिर में मनाया दीपोत्सव

**धामपुर (चिंगारी)। मोहल्ला खातियान स्थित शिव मंदिर मैढ सभा, (सुनारो वाले मन्दिर ) मे महिला कमेटी द्वारा हिंदू नव वर्ष (विक्रमी संवत 2083) शक्ति ऊर्जा के पावन पर्व चैत्र नवरात्रों के अवसर पर भजन कीर्तन तथा दीपोत्सव का कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति पूर्वक मनाया गया। आदि शक्ति मां भवानी के गुणगान से मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर दीपमाला वर्मा, उमा वर्मा, सुमन वर्मा, कमलेश वर्मा, किरण वर्मा ,नेहा वर्मा, ज्योति वर्मा, कंचन वर्मा, तनु वर्मा ,सरोज वर्मा, रुक्मणी वर्मा, पायल वर्मा, मोहित वर्मा, डॉक्टर सुमन कौशिक, संगीता रस्तोगी, सीमा सिन्हा, प्रेमवती आदि महिलाएं उपस्थित रही। सभी ने हिंदू नव वर्ष का स्वागत मंदिर परिसर में दीप जलाकर किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेश वर्मा का योगदान रहा।**

## दिगम्बर ने दिखाई अपनी ताकत



**चंदक (चिंगारी)।** ग्राम खिरनी में दो पक्षों के बीच जमीन विवाद को लेकर आज एक पक्ष संगीता के समर्थन में भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के तत्वावधान में दिगंबर सिंह के नेतृत्व में एक बड़ी किसान महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। किसान नेताओं ने कहा कि बेटी को न्याय दिलाया जाएगा। सूरज प्रधान की अध्यक्षता में आयोजित पंचायत में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित है। जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही, नतेन्द्र प्रधान महासचिव, अतुल प्रधान, राजेश प्रधान, मुकुल त्यागी, समरपाल सिंह, लोकेन्द्र चौधरी आदि मंचासीन रहे। विदित हो कि इस मामले को लेकर पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह और किसान नेता दिगंबर सिंह आमने-सामने है।

## संदीप शर्मा ने भाईचारे की डोर को मजबूत किया



संदीप शर्मा की रोजा इफ्तार पार्टी में इफ्तार करते रोजेदार व नगरवासी

**हल्दौर (चिंगारी)।** जेपी ऑटोमोबाइल्स के स्वामी व भाकियू टिकैत के नेता संदीप शर्मा ने नगर में भाईचारे व आपसी सौहार्द कायम अलख जगाते हुए अलविदा जुमे को एक विशाल रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन कराया। जिसमें हजारों की संख्या में हिंदू मुस्लिम समाज के लोगों ने शिरकत फरमाकर भाईचारे की डोर को और मजबूत किया। भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ नेता संदीप शर्मा द्वारा अपने प्रतिष्ठान पर आयोजित किये गये रोजा इफ्तार कार्यक्रम में नगर के सभी समाज के लोगों ने भाग लिया जिसमें पूर्व सभासद अब्दुल शमी, भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव रामौतार सिंह रामा, कुंवर राहुल सिंह, अनीस अंसारी ठेकेदार, अकील सिद्दीकी, पुनीत शर्मा पुन्नी, डॉ प्रदीप दुबे, सभासद मौहम्मद रशिद अंसारी, आरपी शर्मा, सभासद रवि कुमार, शमीम सिद्दीकी, जावेद अहमद, केके चंद्रा, आशीष शर्मा, मौ.इरफान मलिक, अजयपाल सिंह, मौहम्मद नौशाद, ईशान मलिक, अरहम मालिक, महेश कुमार, मौहम्मद मारूफ, बिजेंद्र सिंह, जहीर अहमद, सलीम सलमानी, शाहिद सलमानी, नौशाद सिद्दीकी, शहजाद सलमानी उर्फ मुन्ना, नसीरुद्दीन मलिक, मौहम्मद यूनुस, वकील सिद्दीकी, सलमान फरीदी, मौहम्मद सुलेमान व सुभाष कुमार सहित सैकड़ो नगरवासियों ने शिरकत की। रोजा इफ्तार के बाद संदीप शर्मा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। मालूम हो कि संदीप शर्मा हर वर्ष एक विशाल सामूहिक रोजा इफ्तार करवाकर नगर में भाईचारे व एकता की मिसाल पेश करते हैं।

# बिना रमजान के भी करते रहें इबादत - मुफ्ती जामिई

## हल्दौर में अकीदत के साथ मनाई गई ईद-उल-फ़ित्र

**हल्दौर ( चिंगारी )। नगर में ईद उल फितर का त्यौहार हर्षोल्लास, खुशियों, आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ मनाया गया। इस मौके पर ईदगाह व मदीना जामा मस्जिद हल्दौर में ईद की नमाज़ अदा की गई, जिसमें नगर सहित आसपास के गांवो के मुस्लिम समाज के हजारों लोगों ने शिरकत की। इस मौके पर पूर्व सभासद रवि कुमार द्वारा नमाजियों पर फूल बरसाए गए।**


ईदगाह पर ईद की नमाज अदा करते मुस्लिम समाज के लोग।
ईद की मुबारकबाद देते ईशान मलिक व अरहम मलिक

शनिवार को ईद के मौके पर मुस्लिम गली मुहल्लों सहित नगर भर में सुबह से ही काफी रौनक रही। ईदगाह पर सुबह 9 बजे इमाम ए ईदगाह मौलाना मुफ्ती मुहम्मद अब्दुल्लाह जामिई ने ईद की नमाज़ अदा कराई। जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रो के हजारों मुस्लिम समाज के लोगों ने शिरकत की। नमाज़ से पहले अपनी तकरीर में मौलाना मुफ्ती मुहम्मद अब्दुल्लाह जामिई ने फरमाया कि सभी मुसलमान खुशियों का त्यौहार ईद मिलजुलकर, आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ मनाएं तथा जिस तरह पाक रमजान के महीने में पाबंदी के साथ पांच वक्त की नमाज अदा की और कलाम ए पाक की तिलावत की व अल्लाह ताआला की इबादत की। इसी तरह बिना रमजान के भी यह सब कायम रखें। नमाज़ के बाद भाईचारे के साथ सड़क पर एक साइड होकर अपने घरों को जाएं और ईद का त्यौहार मनाएं। नमाज़ के बाद उन्होंने मुल्क व कौम की खुशहाली, तरक्की, भाईचारे, अम्नो अमान व गुनाहो से माफी आदि की दुआ कराई। नमाज़ अदा करने के बाद सभी ने एक दूसरे से हाथ मिलाकर व गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर ईदगाह पर पूर्व सभासद रवि कुमार, सभासद रुक्मणि देवी द्वारा अपनी टीम के साथ कैंप लगाकर नमाजियों को जलपान कराया गया और उनपर फूलों की बारिश की गई। इसके अलावा चेयरपर्सन द्वारा भी कैंप लगाकर कोल्ड ड्रिंक पिलाई गई। साथ ही समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और कई समाजसेवियो ने भी ईदगाह पहुंचकर सभी नमाजियो को ईद की मुबारकबाद दी। ईद के मौके पर ईदगाह व नगर भर में नगर पालिका प्रशासन की ओर से पेयजल व साफ-सफाई, विधुत विभाग द्वारा विधुत सप्लाई तथा पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा का माकूल इंतजाम किया गया। उधर मदीना जामा मस्जिद हल्दौर में सुबह 9:45 बजे ईद की नमाज़ मुफ्ती मेहर आलम कास्मी ने अदा कराई।

# शाबाश महिमा!

**हल्दौर ( चिंगारी )।** गांव फतेहपुर कंला के आर.पी.एस विद्यालय की छात्रा महीमा निवासी गांव रेहड़वा का नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 में प्रवेश के लिये चयन हुआ है। महीमा पुत्री बलवन्त सिहं ने प्रवेश परीक्षा मे 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है। ग्रामीण क्षेत्र की महीमा की सफलता ने यह साबित कर दिया है, कि स्पष्ट लक्ष्य और सच्ची मेहनत से सफलता निश्चत है। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल रहा। विधालय के प्रधानाचार्य राजीव वर्मा सहित शिक्षक-शिक्षकाओं ने महिमा को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य राजीव वर्मा का कहना है, कि इस बच्ची की कामयाबी से अन्प विधार्थियो को भी प्रेरणा मिलेगी।



# झालू में ईद की नमाज अदा, अमन-चैन की दुआ



**झालू ( चिंगारी )।** नगर में ईद के मौके पर हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शनिवार सुबह बड़ी ईदगाह व छोटी ईदगाह पर एकत्र होकर ईद की नमाज अदा की। नमाज के बाद मौलाना जाहिद ने सभी के लिए नगर में अमन-शांति और भाईचारे की दुआ कराई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इसके पश्चात एक-दूसरे के घर जाकर शुभकामनाएं देने का सिलसिला जारी रहा, जहां लोगों ने पारंपरिक शीर का लुत्फ उठाया और त्योहार की खुशियां साझा कीं। इसके अतिरिक्त, हर वर्ष की भांति नमाज के उपरांत जब मुस्लिम भाई ईदगाह से नमाज अदा कर मुख्य बाजार की ओर लौटते हैं, तब बाजार में व्यापारी वर्ग उनका गर्मजोशी से स्वागत करता है। व्यापारी एवं मुस्लिम भाई एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते हुए नजर आते हैं। यह दृश्य नगर में सांप्रदायिक सौहार्द, आपसी प्रेम और भाईचारे की मिसाल प्रस्तुत करता है, जिससे ईद के पावन पर्व पर पूरे वातावरण में एक विशेष मिठास घुल जाती है।

# गन्ना समिति की सामान्य निकाय की बैठक सम्पन्न




**हल्दौर ( चिंगारी )।** सहकारी गन्ना विकास समिति लि. हल्दौर की सामान्य निकाय की बैठक ब्लॉक कार्यालय के डबाकरा हाल में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता गन्ना समिति के चेयरमैन चौ.नरेश कुमार द्वारा की गयी ।जबकि संचालन ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बिलाई अमित कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि विधायक ओम कुमार एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान, ब्लॉक प्रमुख हल्दौर चौ.विजेन्द्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख नहटौर चौ.राकेश कुमार व अध्यक्ष भूमि विकास बैंक हल्दौर राकेश कुमार रहें। बैठक में गन्ना समिति हल्दौर के सचिव मुकेश कुमार राठी द्वारा समिति बजट वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु प्रस्तुत किया गया। जिसका सदन द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। बैठक में गन्ना समिति के दो सबसे अधिक गन्ना आपूर्ति करने वाले कृषक बिजेन्द्र सिंह ग्राम खतापुर एवं प्रवीन सिंह ग्राम बिसाठ को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। बैठक में कृषक हित में एक छोटा ट्रैक्टर मंगाने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव रखा गया। बैठक में प्रंबध कमेटी के उपाध्यक्ष पुष्कर चौधरी, परमेन्द्र सिंह, वरुण प्रताप सिंह, कल्याण सिंह, श्रीमती चन्द्रो देवी, श्रीमती कामेश देवी, परमा सिंह, कौशल चौहान, ब्रजवीर सिंह आदि उपस्थित रहें।

# किरतपुर में निकला भव्य पथ संचलन

**किरतपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर इकाई कीर्तिनगर द्वारा वर्ष प्रतिपदा भारतीय नववर्ष के उपलक्ष में स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन निकाला गया, जो नगर के प्रसिद्ध श्री हरिहर मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करके वापस हरिहर मंदिर पर आकर संपन्न हुआ। संचलन से पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत स्वयंसेवकों द्वारा आद्य सरसंघचालक डॉक्टर केशव राव बलिराम को प्रणाम एवं चित्र पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर नमन करके प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल जैन ने की। मुख्य वक्ता श्री मान जुगल किशोर जी ने वर्ष प्रतिपदा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में इस दिन का विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि इस दिन सृष्टि की रचना प्रारंभ हुई। साथ ही भगवान श्री राम का राज्याभिषेक व भगवान झूलेलाल का अवतरण एवं आर्य समाज की स्थापना व नवरात्रि का प्रारंभ और विक्रम संवत की स्थापना जैसे अनेक महत्वपूर्ण प्रसंग इसी दिन से जुड़े हुए हैं। संघ के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार का जन्म भी वर्ष प्रतिपदा के दिन हुआ था। कार्यक्रम के मुख्य शिक्षक आर्यवृत जी रहे। अमृत वचन मानव जी, एकल गीत अक्ष जी व प्रार्थना वैभव जी द्वारा की गई।



# सिखों ने ईद पर शिविर लगाकर भाईचारे की मिसाल पेश की




**राजा का ताजपुर ( चिंगारी )।** ईदगाह पर मुफ़्ती फरमान अहमद ने ईद उल फ़ितर की नमाज अदा कराई। नमाज उपरांत विश्व शांति व खुशहाली हेतु दुआ की गईं। सिक्ख समाज ने ईदगाह रोड पर नमाजियो की सेवार्थ शिविर लगाकर उनका स्वागत कर गले मिलकर मुबारकबाद देकर भाईचारे की मिसाल पैदा की। ईदगाह पर डा. अनीस अहमद ने वार्षिक आय व्यय पढ़कर सुनाया। ईदगाह के बाहर लगे मेले में बच्चों ने खरीदारी की। सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस तैनात रही। सिक्ख समाज का सेवा शिविर पिछले बीस साल से गुरुद्वारा प्रधान कमलजीत सिंह नूर के नेतृत्व में लगता चला आ रहा हैं। सेवा शिविर में ज्ञानी जीतेन्द्र सिंह, प्रभुजोत सिंह बादल, सतवेंदर सिंह, हरजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, शुभदीप सिंह, आकाश, डा राजपाल सिंह, डा अरुण अग्रवाल, सुरेश सैनी, धर्मावतार वर्मा, अनुराग त्यागी, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे। इस बार ईदगाह रोड पर जल भराव के रहते नमाजियो को आवागमन में काफ़ी परेशानी उठानी पड़ी।

# खुदा की बारगाह में दुआ के लिये उठे हजारों हाथ

## बिजनौर में शासन की गाइड लाइन के अनुसार अदा की गई ईद-उल-फ़ित्र की नमाज़

**बिजनौर ( चिंगारी )। एक माह के रोजे मुकम्मल होने के बाद जब ईद का चांद नजर आता है, तो उसकी अगली सुबह को ईद-उल-फितर होती है। कल सुबह होते ही मुस्लिम समाज के बच्चों, युवा, बूढ़े रंग-बिरंगी टोपियों में सजे-धजे लिबास पर इत्र, खुशबू लगाये हुए सजदा-ए-शुक्र अदा करने के लिये ईदगाह की जानिब रवां-दवां थे।**

मौसम ठण्डा था मगर नमाजियों का सैलाब उमड़ रहा था, देखते ही देखते ईदगाह परिसर में हजारों की तादाद में नमाजियों ने सफबंदी की। इसके अलावा बाग में और रहीमिया स्कूल के बाहर सड़क छोड़कर शासन की गाइड लाइन के मुताबिक चूना डालकर सफों को दर्शाया गया था, ताकि जरूरत पड़ने पर नमाज पढ़ी जा सके, जिसकी प्रशासन सहित नमाजियों ने भी तारीफ की। ईदगाह पर शहर काजी माजिद अली ने ईद-उल-फित्र की नमाज अदा कराई। नमाज में शरीक होने वाले लोगों को नमाज मिल सके, इस लिए काजी जी ने मौसम के चलते नमाज के निर्धारित वक्त 8 बजे की बजाये सवा आठ बजे शुरू की। नमाज से पहले काजी माजिद अली ने खिताब (सम्बोधित) किया,जिसमें उन्होंने जोर देकर कहा कि हमें अपने वालिदैन (मां-बाप) की इज्जत करनी चाहिए क्योंकि हम उनकी वजह से तो वजूद में आये। कारी अरशद महमूद कासमी ने नमाजियों से खिताब करते हुए कहा कि मुसलमानों में ये चलन आम होता जा रहा है कि शादी-ब्याह पर बेइंतहा रूपया खर्च कर रहे हैं ये इस्लामी रीति-रिवाज नहीं है। इसमें समाज में खराबियां पनपती है। इससे बचना चाहिए। शिक्षा पर जोर देते हुए फरमाया कि अपने बच्चों को दीनी तालिम के साथ-साथ दुनियावी तालिम भी दिलायें। नमाज के बाद लम्बी दुआ का सिलसिला शुरू हुआ, जिसमें अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर अपने गुनाहों की माफी, बीमार लोगों की शिफायाबी, पूरी दुनिया में अम्नो-अमान कायम रहने, अपने पड़ौसियों से अच्छा बर्ताव करने, चुगली, गिबत, जुआ, शराब, नशे से बचने, रोजा, नमाज की पाबंदी, कुरआन की तिलखत करने की अल्लाह के हुजूर में गिड़गिड़ाकर दुआ की। ईद की नमाज सकुशल संपन्न कराने के लिये चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात रहे। जिलाधिकारी जसजीत कौर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने भी ईदगाह क्षेत्र का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। एएसपी सिटी डा. के.जी. सिंह, सीओ सिटी संग्राम सिंह तथा एसडीएम सदर रितु रानी ने सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाये रखी। ईद की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। शासन की गाइड लाइन का अक्षरश: पालन किया गया। वरिष्ठ रालोद नेता एवं प्रसिद्ध चिकित्सक डा. नीरज चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीरज चौधरी व मुनीष त्यागी, वरिष्ठ पत्रकार ज्योतिलाल शर्मी आदि ने ईदगाह पर पहुंचकर नमाजियों का इस्तकबाल किया और उन्हें ईद-उल-फित्र की मुबारकबाद दी।


अल्लाह की बारगाह में दुआ मांगते हुये मुसलमान।


शहर इमाम को ईद की मुबारकबाद देते हुए डा. नीरज चौधरी।


शहर इमाम काजी माजिद अली को ईद की मुबारकबाद देते हुए एएसपी सिटी डा. के. जी. सिंह।

### मजिस्दों में भी अदा की गई नमाज

***ईदगाह के अलावा बुजुर्गों, बीमारों एवं मौसम के चलते शहर की अन्य मस्जिद-चाहशीरीं जामा मस्जिद, इमली वाली मस्जिद काजीपाड़ा, विदुर कुटी रोड मस्जिद तीरगरान, मस्जिद सिद्दीकियान मेरठ की चुंगी, नई बस्ती स्थित मस्जिद उस्मानिया सहित अन्य मस्जिदों में भी नमाजें ईद-उल-फित्र अदा की गई।***

### ईदगाहों/मस्जिदों में उमड़ा नमाज़ियों का सैलाब

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** स्थानीय ग्राम कासमपुर गढ़ी व आसपास के क्षेत्र में शनिवार को ईद-उल-फित्र का त्योहार हर्षोल्लास के साथ परंपरागत ढंग से मनाया गया। क्षेत्र की ईदगाहों एवं अनेक मस्जिदों में सुबह 8 से 10 बजे के बीच नमाज-ए-ईदुल फित्र अदा की गई जिसमें बड़ी तादाद में नमाजियों ने शिरकत की और मुल्क की सलामती, तरक्की, खुशहाली व अम्न-ओ-सुकून की अल्लाह से दुआएं मांगी गई। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद पेश की और एक दूसरे को अपने यहां बुलाकर ईद के विशेष व्यंजन शीर व सेवई आदि खिलाकर आपसी भाईचारा कायम रखा। इस मौके क्षेत्र में गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल भी साफ तौर पर देखने को मिली। हिंदू, सिख आदि समाज के लोगों ने भी ईद के इस त्यौहार में मुसलमानों की खुशियों में शिरकत की और गले मिलकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। ईदगाहों के आसपास जगह-जगह लगी मेले जैसी भीड़ में बच्चों ने जमकर लुत्फ उठाया। महिलाओं ने भी ईद की खुशियों का आनंद लिया।

# खुशनुमा माहौल में मनाया गया ईद-उल-फ़ित्र का त्योहार

**मंडावर ( चिंगारी )।** मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मुकद्दस रमज़ान में एक माह रोजे रखने के बाद शनिवार को सुबह ईद की नमाज अदा कर अमन-चैन व खुशियों के लिए दुआ मांगी। बच्चे-बड़े सभी ने ईद की मुबारक बाद देते हुए एक-दूसरे को गले लगाया। दोस्तों, रिश्तेदारों व जान-पहचान वालों से मिलकर लोगों ने ईद की खुशियां मनाईं। शुक्रवार की रात में ईद का चांद नजर आने के बाद ही ईद पर्व की मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हो गया था। शनिवार की सुबह नए कपड़े पहनकर हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग अपने-अपने गांव की ईदगाह में ईद की विशेष नमाज अदा करने पहुंचे। मंडावर कस्बे की ईदगाह में शाही जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती मौ मुदस्सिर कासमी ने अमन-चैन की दुआ के साथ ही सभी के लिए खुशियों की दुआ कराई। हजारों हाथ एक साथ उठे। और एक दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी। मंडावर क्षेत्र में ईद की नमाज मंडावर कस्बा, इनामपुरा, मोहउद्दीनपुर, ईदगाहों में ईद की नमाज अदा कर मुल्क के लिए अमन-चैन व खुशियों के लिए दुआ मांगी गई। वहीं सभी ईदगाहों पर पुलिस की व्यवस्था दुरुस्त रही।



### मस्जिद भी नमाजियों से भरी रही

**स्योहारा ( चिंगारी )। नगर तथा आसपास के क्षेत्रों में ईद उल फितर का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर स्योहारा में ईदगाह पर मुस्लिमों ने सुबह 8 बजे ईद की नमाज अदा की। शहर इमाम मौलाना कामिल अंसारी के नेतृत्व में हजारों मुस्लिमों ने कौम और देश की तरक्की के लिए दुआ की। इस मौके पर ईदगाह पर बच्चों के लिए एक मेला भी लगाया गया जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खिलौने और मिठाइयां खरीदी। थाना प्रभारी संजय कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। नगर में कहीं भी सड़कों पर कोई नमाज अदा नहीं की गई। हिंदू भाइयों ने मुस्लिम भाइयों को गले लगा कर शुभकामनाएं दी। नमाज के बाद हिंदू लोग मुस्लिमो के घर गए और शीर खाई।**

"आयुर्वेद में कड़वे रस वाली दवाइयां सबसे उत्तम परिणाम देने वाली मानी गई हैं। गिलोय का स्वाद भी कड़वा होता है। गर्म तासीर के कारण इससे आहार को पचाने में आसानी होती है। इससे मेटाबॉलिक हेल्थ सुधरती है, इसलिए भूख भी बढ़ती है। यह शरीर में मौजूद द्रव जैसे यूरिन, वीर्य और रक्त के रोगों को ठीक करने में बेहद कारगर है। इसी गिलोय के स्टार्च से तैयार पाउडर को गुरवेल सत्त के नाम से जाना जाता है।"

"हम गिलोय की जड़, तना और पत्तियां, तीनों ही इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें विटामिन C होता है। इसमें बीटा कैरोटीन जैसे एंटीऑक्सीडेंट और बायोएक्टिव कंपाउंड्स होते हैं। गिलोय की सबसे बड़ी खासियत है, इसकी एंटीमाइक्रोबियल प्रॉपर्टी।"

"गिलोय की ये खासियत है कि इसका एक छोटा-सा टुकड़ा भी रोपा जा सकता है। यह कहीं भी बहुत आसानी से पनप सकता है। इसके पौधे जल्दी मरते नहीं हैं। तभी कहते हैं कि गिलोय न खुद मरती है, न किसी को मरने देती है। इसीलिए इसे गुरुचि या अमृता भी कहा जाता है।"

# 100 बीमारियों की एक दवा है गिलोय

## इसे कब और कैसे खाएं, क्या सावधानियां बरतें

कोरोना काल में पहली बार ये हुआ कि लोग घरों में कैद हो गए। सड़कें सूनी पड़ी थीं। टीवी पर रामानंद सागर की रामायण चल रही थी। ऐसा लगा रहा था, मानो हम सब कुछ साल पीछे लौट आए हैं। इन दिनों पुराने समय की इलाज की पद्धतियां भी अचानक प्रासंगिक हो गईं। लोग अंग्रेजी दवा से अधिक भरोसा आयुर्वेद के काढ़े पर जता रहे थे। इसमें सबसे अधिक इस्तेमाल गिलोय का हो रहा था। आयुर्वेद में इसे बहुत महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। संस्कृत में इसे गुरुचि या अमृता भी कहा जाता है। गिलोय के ढेरों स्वास्थ्य लाभ होते हैं। अगर इसका सही मात्रा में सेवन किया जाए तो यह वायु, पित्त और कफ तीनों तरह के दोषों को खत्म कर सकती है।




### गिलोय को क्यों कहा जाता है अमृता

गिलोय को जीवनदायिनी कहा जाता है। आधुनिक चिकित्सा पद्धति विकसित होने से पहले दवाएं लैब में नहीं तैयार होती थीं। ये हमारे घर के बगीचे या आसपास के जंगलों से लाई गई पत्तियों और जड़ों से तैयार की जाती थीं। जब कोई संक्रामक बीमारी फैलती तो पूरे गांव-के-गांव सिमटने लगते थे। लोग जीवन की आशा खो देते थे, तब गिलोय अपनी एंटीमाइक्रोबियल प्रॉपर्टी से लोगों की जान बचा लेती थी। इसीलिए इसे संस्कृत में गुरुचि या अमृता भी कहते हैं। कहने का आशय ये है कि गिलोय जीवनदायिनी है।

### 100 से ज्यादा बीमारियों को रखती है दूर

गिलोय आयुर्वेद की ऐसी दवा है, जिससे एक साथ कई बीमारियों को ठीक किया जा सकता है। इससे शरीर की छोटी-बड़ी लगभग 100 से ज्यादा परेशानियां दूर हो सकती हैं। आइए ग्राफिक में देखते हैं कि परंपरागत रूप से गिलोय की मदद से किन बीमारियों का इलाज किया जाता रहा है।

### इम्यूनिटी को करती है मजबूत

गिलोय अपनी एंटीमाइक्रोबियल प्रॉपर्टीज के लिए तो जानी ही जाती है। साथ ही यह इम्यूनिटी बूस्टर भी है। इसलिए कोरोना काल में इसका काढ़ा बनाकर पीने से लोगों को लाभ मिला। इससे टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं और इम्यूनिटी मजबूत होती है।



### त्वचा के लिए भी उपयोगी

गिलोय किसी भी तरह की स्किन एलर्जी में तो लाभकारी है ही, यह स्किन के टेक्सचर को भी सही रखती है। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स हमारी स्किन को मुलायम और चमकदार बनाए रखते हैं। झुर्रियां नहीं आती हैं। इसलिए, गिलोय का सेवन करने से लोग लंबे समय तक जवान दिखते रहते हैं।

### गिलोय की मेडिसिनल प्रॉपर्टीज

वनडाइटटुडे की फाउंडर और न्यूट्रिशनिस्ट डॉ. अनु अग्रवाल के मुताबिक, गिलोय एक ऐसी शॉप की तरह है, जहां एक साथ सबकुछ मिल जाता है। इसका मतलब है कि अगर गिलोय के काढ़े का लगातार सेवन किया जाए तो इससे ज्यादातर बीमारियां दूर रहती हैं। इसमें एंटीऑक्सीडेंट, एंटीडायबिटिक, एंटीस्पाज्मोटिक जैसे तमाम गुण होते हैं। आइए ग्राफिक में देखते हैं।

### रक्त विकार में है फायदेमंद

खून में किसी तरह का विकार होने पर इसे शुद्ध करने के लिए गिलोय का इस्तेमाल किया जाता है। आमतौर पर रक्त विकार से हुए कील-मुंहासे गिलोय का सेवन करने से खत्म हो जाते हैं।

### त्वचा के विकारों में भी लाभकारी

*यह एग्जिमा जैसे त्वचा विकार को खत्म करने के भी काम आती है। डॉ. अजय कहते हैं कि आचार्य चरक ने गिलोय को त्वचा के किसी भी रोग में फायदेमंद बताया है।*

### हाथ-पैर में जलन से राहत देती है

अगर हाथ-पैर या आंखों में जलन हो रही है, आंखों से आंसू निकलना नहीं बंद हो रहे हैं, यूरिन पास होने में जलन हो रही है तो मिश्री के साथ गुरुचि के पाउडर का सेवन करने से लाभ होता है।

### डायबिटिक लोगों के लिए फायदेमंद

*डायबिटिक लोगों के ब्लड में शुगर लेवल बढ़ जाता है, जो यूरिन के जरिए शरीर से बाहर निकलता है। इसलिए किडनी पर भी इसका बुरा असर पड़ता है। ऐसे में नीम के ऊपर लगी गिलोय लेने से लाभ होता है।*

## गिलोय का सेवन कैसे करें

**गिलोय का जूस कैसे बनाएं:-** सबसे पहले गिलोय के छोटे-छोटे टुकड़े लें। अगर तना उपलब्ध नहीं है तो इसकी पत्तियां और जड़ भी उतनी ही लाभकारी होती हैं। इसे अच्छी तरह से कूट लें। अब इसे रात में थोड़े पानी में भिगोकर रख दें। सुबह उठकर इसे मसलकर छान लें। यह गिलोय का जूस है, जिसे हिम भी कहते हैं।

इसे एक या दो चम्मच ही पिएं। अगर स्वाद कड़वा लग रहा है तो पानी में मिलाकर भी पी सकते हैं। अगर इसे बनाने में मुश्किल हो रही है तो बाजार से पाउडर भी खरीद सकते हैं।

**गिलोय का पाउडर भी लाभकारी है:-** बाजार में गिलोय का पाउडर मिल जाता है, जो लंबे समय तक खराब नहीं होता है। इसे गिलोय के तने और पत्तियों को सुखाकर और कूटकर तैयार किया जाता है। इसे पानी में उबालकर और छानकर पी सकते हैं।

## गिलोय के साइड इफेक्ट और सावधानियां

❍ गिलोय का सेवन करने से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर लें। खासकर अगर आपको कोई बीमारी है या आप दवाएं ले रहे हैं। ❍ ज्यादा गिलोय खाने से स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर भी पड़ सकता है। संतुलन बहुत जरूरी है। ❍ गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को गिलोय का सेवन करने से पहले डॉक्टर से सलाह ❍ बच्चों को बिना डॉक्टरी रिकमंडेशन के गिलोय खाने को न दें। ❍ गिलोय ब्लड शुगर लेवल को कम कर सकता है, इसलिए अगर आपको डायबिटीज है या आप शुगर की दवाएं ले रहे हैं तो गिलोय खाने से पहले डॉक्टर से सलाह लें। ❍ इससे कब्ज हो सकता है। इसलिए अगर पाचन संबंधी समस्याएं हैं तो डॉक्टरी सलाह लें। ❍ इससे कुछ ऑटोइम्यून बीमारियां ट्रिगर हो सकती हैं। इसलिए अगर पहले से कोई ऑटोइम्यून बीमारी है और इम्यूनिटी कमजोर है तो डॉक्टरी सलाह पर ही इसका सेवन करें। ❍ गिलोय का सेवन करने का सबसे अच्छा तरीका है, गिलोय पाउडर का काढ़ा बनाकर पीना। ❍ गिलोय के रस को सीधे पीने की सलाह नहीं दी जाती।

# एम्स में भर्ती सतपाल महाराज की हालत में सुधार डॉक्टर्स की टीम स्वास्थ्य पर निगरानी रखे हुये है लगातार

## रसिक महाराज ने मिलकर जाना उनका हालचाल



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** तबियत बिगड़ने के कारण एम्स मे भर्ती कराये गये राज्य के केबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के स्वास्थ्य में सुधार है और उनकी हालत स्थिर है। सनातन धर्म विकास परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने एम्स पहुंचकर उनका हालचाल जाना और चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी हासिल की। मालूम हो कि राज्य के पर्यटन और सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज को श्वास संबन्धी शिकायत के कारण बुधवार को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया था। आवश्यकता को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें आईसीयू वार्ड में शिफ्ट किया जंहा मेडिसिन विभाग के हेड प्रो. रविकांत के सुपरविजन में डॉक्टरों की टीम उनके स्वास्थ्य पर लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। शुक्रवार को नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने एम्स पहुंचकर महाराज का हालचाल जाना और चिकित्सकों से इलाज व स्वास्थ्य की स्थिति के बावत जानकारी हासिल की। इस दौरान संस्थान की चिकित्सा अधीक्षक प्रो. बी. सत्या श्री व इलाज कर रहे चिकित्सकों की टीम ने रसिक महाराज को बताया कि महाराज के स्वास्थ्य में काफी सुधार है और वह पहले से बेहतर हैं। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य लाभ ले रहे महाराज से भी बातचीत की और उनके शीघ्र ही स्वास्थ्य लाभ की कामना की। संस्थान की चिकित्सा अधीक्षक प्रो. बी सत्या ने बताया कि उन्हें थोड़ा निमोनिया की शिकायत है लेकिन सभी वायटल सामान्य हैं और अन्य सभी रिपोर्टें सामान्य होने के कारण हालत में लगातार सुधार हो रहा है।

# जंगली जानवर फसलों को पहुंचा रहे नुकसान, किसान हो रहे परेशान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत वार्ड नंबर 37 पश्चिमी झंडी चौड़ के काश्तकार इन दिनों उनके खेतों में जंगली जानवरों की धमक से परेशान हैं। हालत यह है कि शाम ढ़लते ही हाथी, नीलगाय व सूअर उनके खेतों में पहुंचकर उनकी गेहूं की फसल को रौंद रहे हैं। स्थानीय पार्षद सुखपाल शाह ने बताया कि रात को हाथियों ने काश्तकार रमेश चंद, अनुसूया प्रसाद, विनोद सिंह व अनुसूया देवी की खड़ी गेहूं की फसल को रौंद दिया। कहा कि काश्तकार लंबे समय से हाथी सुरक्षा दीवार निर्माण की मांग करते आ रहे हैं मगर शासन-प्रशासन इस ओर ध्यान ही नहीं दे रहा है। इस संबध में क्षेत्रीय जनता स्थानीय विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण को भी ज्ञापन सौंप चुकी है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पूर्व में सन् 2003 में पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी के प्रयासों से पावर फेंसिंग लगाई गई थी मगर वन विभाग ने उसकी सुध नहीं ली और फेंस क्षतिग्रस्त हो गई। कहा कि अब गेहूं की फसल पकने वाली है, लेकिन जंगली जानवर उनकी मेहनत पर पानी फेर रहे हैं। यूपी और लालढ़ाग रेंज से बड़ी संख्या में जंगली जानवर जंगल से सटे हुए किसानों के खेतों में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। मौके पर उन्होंने वन विभाग से रात्रि गश्त बढ़ाने और जंगल की सीमा पर जंगली जानवरों को खेतों तक पहुंचने के लिए रोकने के लिए खाई खोदने की मांग की।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र विवेक कुमार जो मेरे साथ अभद्र व्यवहार करता है तथा मेरे कहने-सुनने में नहीं है। इस कारण मैं अपने पुत्र से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहा हूं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं, अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करता है, तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। **-धीरज पुत्र चेतन नाथ निवासी मौहल्ला रवापुरी, कस्बा सहानपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

## संबंध विच्छेद सूचना

मैंने व मेरी पत्नी एकता रानी ने अपने पुत्र अभिषेक चौहान व उसकी पत्नी नेहा जो हमारे साथ आयेदिन गाली-गलौच व अभद्र व्यवहार करते है तथा गलत संगत में पड़ चुके हैं। मैंने व मेरी पत्नी ने इन्हें समझाने की काफी कोशिश की, परन्तु यह दोनों मानने को तैयार नहीं है। हम दोनों इनके गलत व्यवहार से तंग आकर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए इन दोनों से अपने सारे संबंध विच्छेद करते है। आज के बाद से मेरे पुत्र अभिषेक चौहान व उसकी पत्नी नेहा से मेरा कोई मतलब वास्ता नहीं रहेगा। इनके द्वारा किये गये जो भी अच्छे-बुरे कार्य होंगे, उनके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **-दुष्यंत कुमार पुत्र विजयपाल सिंह निवासी ग्राम शाहपुर जमाल, थाना व परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर**

# समिति के नये भवन का शिलान्यास

**हल्दौर ( चिंगारी )।** ब्लॉक कार्यालय परिसर में हल्दौर किसान सेवा सहकारी समिति द्वितीय के नवीन भवन का क्षेत्रीय विधायक ओम कुमार व ब्लॉक प्रमुख चौ. विजेंद्र सिंह द्वारा भूमि पूजन व शिलान्यास किया गया।

हल्दौर किसान सेवा सहकारी समिति का क्षेत्रफल बड़ा होने की वजह से विभाग द्वारा उसे दो भागों में विभाजित किया जा रहा हैं। हल्दौर किसान सेवा सहकारी समिति द्वितीय के नाम से बनने वाली समिति ब्लॉक कार्यालय परिसर में पड़ी खाली जगह पर बनायी जायेगी। जिसके नवीन भवन के लिए भूमि पूजन व शिलान्यास पंडित पुरुषोत्तम शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधायक ओम कुमार और ब्लॉक प्रमुख चौ. विजेंद्र सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नई समिति बनने से क्षेत्र के किसानों को काफी लाभ होगा और उनकी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण होगा। इस अवसर पर गन्ना समिति हल्दौर के चेयरमैन चौ. नरेश कुमार, वाइस चेयरमैन पुष्कर चौधरी, नहटौर ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार, एमडी जयवीर सिंह, वरुण प्रताप सिंह उर्फ हनी प्रधान, परमेंद्र सिंह, भूमि विकास बैंक

सभी ग्रामवासियों, क्षेत्रवासियों को चैत्र नवरात्र और ईद उल फ़ितर की हार्दिक शुभकामनाएं और मुबारकबाद



अबरार आलम एड.
पूर्व ब्लॉक प्रमुख (बसपा नेता)
ग्राम भागूवाला, ब्लॉक नजीबाबाद

# अक़ीदत के साथ अदा की गई ईद-उल-फ़ितर की नमाज़



## देश में अमन व कौम की तरक्की के लिए मांगी दुआ

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर व क्षेत्र में ईद-उल-फितर का त्यौहार अकीदत के साथ मनाया गया। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाह समेत शहर की विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा की और देश में अमन एवं कौम की तरक्की के लिए दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की।

नगीना मार्ग स्थित शहर की ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज शनिवार सुबह 8:30 बजे अदा की गई। शहर इमाम मुफ्ती मोहम्मद कमर कासमी के बेटे मुफ्ती मोहम्मद साहब ने नमाज अदा कराई। उन्होंने कहा कि ईद मोहब्बत का त्योहार है। हमें ईद का त्योहार आपस में मिलकर जुलकर मनाना चाहिए। इस दौरान मुल्क में अमन शांति एवं भाईचारे के लिए सामूहिक दुवाएं की गई। ईद की नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की। इसके बाद घरों पर मिठाइयां व शीर आदि वितरित करने का सिलसिला शुरू हुआ। लोगों ने अपने परिचित, शुभचिंतकों और दोस्तों को मिठाइयां भेंट कर ईद की मुबारकबाद पेश की।

ईदगाह कमेटी की ओर से वरिष्ठ समाजसेवी हाजी हसन खां, शमीम अहमद फल वाले, शहजाद आलम एडवोकेट, इरशाद मंसूरी आदि ने इंतजाम की जिम्मेदारी को बाखूबी निभाया। वहीं ईदगाह रोड पर आसपा सांसद चन्द्रशेखर व जिला पंचायत सदस्य विवेक सैन, पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह व ईओ रविशंकर शुक्ल, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट, एसपी सलूजा, पूर्व राज्यमंत्री ठा.मूलचन्द चौहान, नसीम राणा, विजय अग्रवाल, शिवेंद्र अग्रवाल, अवनी, सिंह सरदार सरपंच सलूजा आदि ने नमाजियों को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। उधर सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से एसपी पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव, सीओ अभय पांडेय, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार आदि चप्पे चप्पे पर मुस्तैद रहे।

# गैस न मिलने पर भटक रहे उपभोक्ता

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** ग्रामीण क्षेत्र में रसोई गैस की सप्लाई न होने से लोग परेशान है, जिसके कारण उपभोक्ता इधर-उधर भटकने को विवश हैं। शिवपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, गौरव गुप्ता आदि उपभोक्ताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में गांव-गांव जाकर अब तक रसोई गैस सिलेंडर का वितरण किया जाता रहा है, लेकिन खाड़ी देशों में जंग छिड़ते ही एजेंसी संचालक मनमानी पर उतर आए हैं। उन्होंने यहां की सप्लाई पूरी तरह ठप्प कर दी है, जिसके कारण रसोई गैस की भारी किल्लत है। क्षेत्र के लोगों ने जिला प्रशासन से ग्रामीण क्षेत्र में पुन: रसोई गैस सिलेंडर वितरण कराए जाने की मांग की है।

# गैस आपूर्ति में बरती जा रहीं अनियमितताऐं आपूर्ति की समय अवधि को घटायें

## पार्षदों ने भेजा डीएम को ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत भाबर क्षेत्र में रसोई गैस आपूर्ति की समयावधि को घटाने की मांग को लेकर पार्षदों ने रोष व्यक्त किया है। इस संबंध में वार्ड न. 31 पदमपुर मोटाढाक के पार्षद सौरव नौडियाल के नेतृत्व में अन्य पार्षदों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया है कि सनेह व भाबर क्षेत्र की कुछ गैस एजेंसियों द्वारा उपभोक्ताओं को रसोई गैस सिलेंडर आपूर्ति में अनियमितताएं बरती जा रही हैं। वर्तमान में एजेंसियां द्वारा क्षेत्रीय उपभोक्ताओं को ग्रामीण क्षेत्र की बात कहते हुए 45 दिन बाद गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कुछ उपभोक्ताओं को समय से गैस बुकिंग के बाद भी समय से रसोई गैस नहीं मिल पा रही है। कहा कि कोटद्वार का संपूर्ण क्षेत्र नगर निगम के अंतर्गत आता है, इसलिए भाबर क्षेत्र में भी उपभोक्ताओं के लिए गैस बुकिंग की सीमा 25 दिन ही तय की जानी चाहिए। ज्ञापन में जिलाधिकारी से इस संबध में आवश्यक कार्रवाई करने की अपील की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में पार्षद विपिन डोबरियाल, पार्षद मनोज शाह और पार्षद पंकज नेगी शामिल रहे।

# रसोई गैस आपूर्ति में लापरवाही नहीं होगी सहन : ऋतु खंडूडी



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** क्षेत्र में गैस सिलेंडर रिफिल में हो रही देरी को लेकर आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में शहरी क्षेत्रों में गैस सिलेंडर की ऑनलाइन बुकिंग 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन के अंतराल पर हो रही है, जिससे उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ रही है। इस समस्या का संज्ञान लेते हुए उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने उपजिलाधिकारी से फोन पर वार्ता कर स्थिति की जानकारी ली। कहा कि कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र है, इसलिए यहां एक समान गैस सिलेंडर की बुकिंग 25 दिनों के भीतर सुनिश्चित की जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से व्यवस्था में सुधार लाने और आम जनता को राहत देने के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा। चेतावनी दी कि रसोई गैस जैसी आवश्यक सेवा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# युवक व महिला मंगल दलों के डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड सरकार के डिजिटल साक्षरता मिशन के अंतर्गत युवा कल्याण विभाग व आईटीडीए कैल्क द्वारा प्रदेश के 95 विकास खंडों में युवक मंगल दल व महिला मंगल दल के सदस्यों के लिए दस दिवसीय डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आईटीडीए कैल्क कोटद्वार कम्प्यूटर संस्थान द्वारा भी विभिन्न ब्लाक मुख्यालयों में दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। संस्था के निदेशक डॉ. नन्द किशोर जखमोला ने बताया कि आईटीडीए की ओर से दुगड्डा, जयहरीखाल, द्वारीखाल, रिखणीखाल, नैनीडांडा थलीसैंण व पोखड़ा सहित अन्य ब्लाक मुख्यालयों में डिजिटल साक्षरता के तहत युवक व महिला मंगल सदस्यों को साइबर अपराध से बचाव, कॉमन सर्विस सेंटर सेवाएं व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर जानकारी दी जा रही है। शिविरों में बड़ी संख्या में युवक व महिला मंगल दल के सदस्य प्रतिभाग कर जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

# पूर्व सैनिकों ने किया नवनियुक्त जिला सैनिक कल्याण अधिकारी का स्वागत

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पूर्व सैनिक संघर्ष समिति की ओर से शनिवार को सैनिक विश्राम गृह में आयोजित कार्यक्रम में नव नियुक्त जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेनि. ग्रुप कैप्टन एसपी सती का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर नव नियुक्त जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने पूर्व सैनिक हित में काम करने पर जोर देते हुए कहा कि वे उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। वहीं पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत ने भी सभी पूर्व सैनिकों से समिति की ओर से किए जा रहे कार्यों में सहयोग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अनुसूया प्रसाद सेमवाल, गोपाल सिंह नेगी, ठाकुर सिंह गुसाईं, जीत सिंह भंडारी, सुदर्शन सिंह, डीएस रावत और दौलत सिंह सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग पर कमर्शियल वाहनों के संचालन पर रोक हटाने की मांग

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भेजा सीएम को ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं व भाबर क्षेत्र की जनता ने लालढांग- चिलरखाल मोटर मार्ग पर कमर्शियल वाहनों के संचालन पर लगे प्रतिबन्ध को हटाने एवं भाबर क्षेत्र में रसोई गैस वितरण मानकों में बदलाव करने को लेकर उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।

भाबर क्षेत्र के लोग तहसील में एकत्रित हुये। यहां से उन्होंने कांग्रेस की पूर्व मेयर प्रत्याशी रंजना रावत व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार लालढांग चिलर खाल मार्ग निर्माण पर रोक हटने के बाद संभावित मार्ग निर्माण के साथ ही सभी प्रकार के वाहन सुचारू रूप से संचालित हो रहे थे, लेकिन वन विभाग ने मार्ग पर कमर्शियल वाहनों के संचालन पर रोक लगा दी है। इस कारण मार्ग से सिडकुल स्थित औद्योगिक इकाईयों के लिए कच्चा माल लेकर आ रहे वाहन चिलरखाल में ही फंस रहे हैं। वहीं दूसरी ओर भाबर क्षेत्र स्थित कुछ गैस एजेंसियो द्वारा क्षेत्रीय उपभोक्ताओं को ग्रामीण क्षेत्र की बात कहकर 45 दिन बाद अगला सिलेंडर दिया जा रहा है जबकि शहरी क्षेत्र में 25 दिन उपभोग मानक के अनुसार रसोई गैस बुकिंग एवं वितरित की जा रही है। एक ही नगर निगम क्षेत्र में इस तरह की भेदभाव पूर्ण कार्यप्रणाली से जनता आक्रोशित है।

ज्ञापन में मुख्यमंत्री से दोनों मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई करने की अपील की गई है और ऐसा न होने पर जन सहयोग से आंदोलन की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में बलबीर सिंह रावत, दलीप सिंह रावत, कै. रणबीर सिंह रावत, योगांबर चौहान, प्रदीप नेगी, जावेद हुसैन, महाबीर सिंह नेगी और योगंबर प्रधान सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# 'पक्षी परिवार' ने मनाया विश्व गौरैया दिवस

## गौरैया के नेस्ट बॉक्स नि:शुल्क वितरित किये

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** गौरैया संरक्षण में जुटे पक्षी परिवार द्वारा जयदेवभूमि फाउंडेशन के सहयोग से दुर्गापुरी स्थित एक बारातघर के सभागार में विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पक्षी परिवार की ओर से आम जन को गौरैया नेस्ट बाक्स का नि:शुल्क वितरण किया गया।

इस अवसर पर गौरैया संरक्षण के क्षेत्र में लंबे समय से जुटे शिक्षक दिनेश चंद्र कुकरेती ने गौरैया की घटती संख्या पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि गौरैया की लुप्त होती प्रजाति का संरक्षण करना सभी का कर्तव्य है और हमें इसके लिए मिलजुल कर कार्य करना होगा। अन्य वक्ताओं में पूर्व रेंजर आर पी पंत ने जंगलों में लग रही आग को पक्षियों के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया। पूर्व ब्लाक प्रमुख गीता नेगी ने पक्षियों और मानव के बीच संबंध पर जानकारी देते हुए कहा कि दोनों एक दूसरे के पूरक हैं, वहीं पूर्व कांग्रेस मेयर प्रत्याशी रंजना रावत ने नदियों के प्रदूषण को पक्षियों की संख्या में कमी के लिए जिम्मेदार बताया। हरि सिंह पुंडीर ने खेतों में अधिक मात्रा में कीटनाशक के प्रयोग को इसके लिए जिम्मेदार बताया। अंत में सभी वक्ताओं ने पक्षियों के संरक्षण के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही पक्षी परिवार की ओर से आम जन को गौरैया नेस्ट बाक्स का निशुल्क वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में विकास देवरानी, शिवानंद लखेड़ा, चित्रमणी देवलियाल, इंदु नौटियाल, गजपाल सिंह नेगी और अमितराज सिंह सहित बड़ी संख्या में पक्षी प्रेमी शामिल रहे।

# बीजीयू में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं प्रारंभ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भाबर स्थित भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ वि वि के प्रतिकुलपति प्रो. पी.एस. राणा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जीवन में खेल का बड़ा महत्व है जिससे हम तनाव मुक्त रहकर स्वस्थ रहते हैं। तत्पश्चात आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत भाला फेंक बालिका वर्ग में दीपांशी, दिव्या व आयुशी एवं बालक वर्ग में करण, मनमोहन व नितिन क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। गोला फेंक बालिका वर्ग में श्रद्धा ने पहला, अनामिका ने दूसरा व आयुषी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं बालक वर्ग में करण, हिमांशु व सागर क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। कैरम बालिका वर्ग में सिमरन, इशु व कनिका क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। चक्का फेंक बालिका वर्ग में आस्था, दिव्या व पलक एवं बालक वर्ग में हिमांशु, कार्तिकेय व करण क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

इस अवसर पर विवि डीन डॉ. के. सर्वानन व सहायक कुलसचिव अरुण कुमार, डॉ. अभिषेक शर्मा, राहुल राजपूत, गुरजंट सिंह, विकास पाल और मिलन रावत सहित विवि का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# वाद-विवाद व पोस्टर प्रतियोगिता में देवाशीष आये फर्स्ट

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार की जंतु विज्ञान विभागीय परिषद की ओर से वर्ष 2025-26 के अंतर्गत वाद-विवाद, पोस्टर एवं मॉडल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. वसन्तिका कश्यप एवं वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. आदेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की विभागीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने से छात्रों में वैज्ञानिक सोच एवं तार्किक निर्णय क्षमता का विकास होता है। इसलिए छात्रों को इस तरह की प्रतियोगिताओं में अवश्य प्रतिभाग करना चाहिए। तत्पश्चात आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में देवाशीष ने पहला, मनीषा ने द्वितीय व सायमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में देवाशीष प्रथम, सृष्टि भारद्वाज द्वितीय व सुप्रिया तृतीय स्थान पर रही। वहीं मॉडल प्रतियोगिता में एन्जिला प्रथम रही।

# पूर्व सैनिक व वीर नारियों का 24 को होगा सम्मान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** असम राइफल्स पूर्व सर्विसमैन वेलफेयर एसोसिएशन का स्थापना दिवस समारोह 24 व 25 मार्च को मनाया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों व वीर नारियों को सम्मानित किया जाएगा। संगठन के अध्यक्ष एमएस बिष्ट ने बताया कि कार्यक्रम पदमपुर स्थित कार्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। मौके पर उन्होंने संगठन के सभी पूर्व सैनिकों से कार्यक्रम को सफल बनाए जाने का आग्रह किया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# ईद की खुशियां मनाकर लौट रहे युवक ट्रक की चपेट में आये

## एक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

**नहटौर (चिंगारी)।** बाइक सवार दो युवक ट्रक की चपेट में आ गये। जिसमे एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों युवक रिश्तेदारी से ईद की खुशियां मना कर लौट रहे थे।

शनिवार की सायं को ग्राम सेढा निवासी मौ. इमरान (24 वर्ष)पुत्र रियासत गांव के ही मौ. उजैफा (22 वर्ष) पुत्र अजीजुल बाइक द्वारा ईद के अवसर पर नगीना स्थित अपनी रिश्तेदारी में गए थे। देर सायं को वापस लौटते समय नगीना रोड पर ग्राम सादात नगर के सामने गन्ने से लदे ट्रक को ओवरटेक करते समय बाइक बाइक अनियंत्रित हो गयी। जिस पर वह ट्रक की चपेट में आकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल सीएचसी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने इमरान को मृत घोषित कर दिया। अजीजुल का उपचार किया जा रहा है। इमरान की मौत होने की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक इमरान पुणे में रहकर गैस एजेंसी पर कार्य करता था और तीन दिन पहले ही ईद मनाने घर आया था। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के ही शव को अपने साथ ले गए।


## महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज


मात्र 5 लाख रुपयों में
100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234


## मांग पूरी न होने पर घर से निकाला, दी तीन तलाक़

**चांदपुर (चिंगारी)।** एक विवाहिता ने अपनी ससुराल वालों पर दहेज में दो लाख रुपए व बुलेट मोटरसाइकिल की मांग पूरी न होने पर उसको मारपीट कर घर से निकाल देने तथा अपने पति पर उसको तीन तलाक देने का आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस अधीक्षक को दिये गये प्रार्थना पत्र में शबाना पुत्री अब्दुल सलाम निवासी मुहल्ला राकिब नगर ने बताया कि उसकी शादी 5वर्ष पूर्व सरफराज पुत्र शहाबुद्दीन निवासी ग्राम रुस्तमपुर ढाकी थाना शिवाला कलांके साथ हुई थी। आरोप है कि ससुराल वाले उससे मायके से दो लाख रुपए व बुलेट मोटरसाइकिल लाने की मांग कर रहे थे तथा उसको प्रताड़ित करते थे। विवाहिता ने बताया कि 24नवम्बर 2025को ससुराल वालों ने उसको घर से निकाल दिया तथा उसके आभूषण व अन्य सामान अपने पास रख लिया l2मार्च को उसके घर आए ससुराल वालों ने उसके साथ गाली-गलौच की तथा उसके पति ने उसको तीन तलाक दे दिया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने ससुराल वालों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली।


## DHARA MOTOR FINANCE LTD.

Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990

We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads

Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

खुल गया! खुल गया!
## श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।


पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

भारत की दो बहादुर बेटियों "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना


"सिंदूरी"

योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोंओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तकें एवं कॉपियाँ दी जाएगी।

हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।

हमारे अचीवर्स

BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928

Kajaria Exculsive Showroom
Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom

DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

## आवश्यकता है
हल्दौर में एक प्रतिष्ठित फर्म के लिए Multihead Embroidery Machine के कुशल ऑपरेटर की आवश्यकता हैं।
योग्य व्यक्ति संपर्क करें।
मो- 8191819148